


# हरिभूमि संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 7 मार्च 2025




# मोहारा एनीकट में रेत डंप होने से पर्याप्त जलभराव नहीं, मोंगरा व मटियामोती जलाशय से आने वाले पानी से बुझ रही शहर की प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गर्मी के शुरूआती दिनों से पहले ही शहर की प्यास बुझाने वाले जीवनदायनी शिवनाथ नदी का जलस्तर घट चुका है। पेयजल आपूर्ति के लिए बनाए गए एनीकट भी सूख गए हैं। एनीकट में पेयजल हेतु पर्याप्त पानी नहीं है। नगर निगम को इसके लिए दूसरे जलाशयों से पानी लेना पड़ रहा है।

शहर के मोहरा स्थित शिवनाथ नदी में बने एनीकट से पहले ही नदी की धार खत्म हो गई है। एनीकट के समीप रेत ही रेत दिखाई दे रहा है। इस वर्ष समय से पहले ही शिवनाथ नदी में जल की कमी दिखाई दे रही है।

**मोंगरा बैराज से भी मिलेगा पानी :** शिवनाथ नदी पर बने अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के मोंगरा बैराज में भी एक हजार एमटीएफसी पानी सुरक्षित रखा गया है। यहां से भी शहर की पेयजल आपूर्ति के लिए पानी लिया जा रहा है।

### खास बातें

- जमी हुई रेत मिट्टी निकालने पीएचई खनिज को जिम्मा
- मिट्टी जमने से 40 फीसदी स्टोरेज क्षमता कम होने की बातें कह रहा जिला प्रशासन



### मटियामोती जलाशय से पहुंचा पानी

शहर के मोहारा एनीकट में जलस्तर कम होने की वजह से पेयजल आपूर्ति हेतु बालोद जिले के मटियामोती जलाशय से पानी छोड़ा गया है। जिससे अभी शहर को पेयजल मिल रहा है। मटियामोती जलाशय से प्रथम चरण में 50 एमसीएफटी पानी बीते 25 फरवरी को छोड़ा गया है, जो 40 किलोमीटर का सफर तय कर मोहारा स्थित शिवनाथ एनीकट पहुंची है। मटियामोती जलाशय में लगभग 350 एमसीएफटी पानी ग्रीष्म ऋतु के लिए नगर निगम राजनांदगांव ने पेयजल आपूर्ति हेतु सुरक्षित रखवाया है।

# एनीकट में पानी नहीं गहराया जल संकट!

### भण्डारण क्षमता में कमी



शिवनाथ नदी में कम जल संग्रहण के कारण शहर में पेयजल सप्लाई प्रभावित हो रही थी, जिसे ध्यान में रखकर महापौर मधुसूदन यादव व कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मोहारा शिवनाथ नदी का निरीक्षण कर नदी में पानी के भण्डारण के लिए दिशा निर्देश दिए। एनीकट निर्माण के पश्चात वर्ष 2011 से आज दिनांक तक नदी सिल्ट सफाई का कार्य नहीं होने के कारण मिट्टी, मिट्टी मिक्स रेत एवं रेत जमा हो गया है। जिसके कारण एनीकट के जल भंडारण क्षमता में लगभग 40 प्रतिशत कमी हो गई है। कलेक्टर अग्रवाल ने जल संसाधन विभाग एंव माईनिंग विभाग के अधिकारियों से कहा कि नदी में कम जल संग्रहण को देखते हुए दोनों विभाग संयुक्त रूप से शासन के दिशा-निर्देश के अनुसार कार्य योजना बनाकर सील्ट हटाने की कार्रवाई करें।

### करोड़ों लीटर पानी सप्लाई

शहर में लगभग 4 करोड़ 50 लाख लीटर पानी की सप्लाई की जाती है। निगम के अनुसार शहर के 51 वार्डों में लगभग 32600 नल कनेक्शन है। निगम द्वारा ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए प्रतिवर्ष मार्च माह के अंतिम सप्ताह में अन्य जलाशयों से पानी लिया जाता था, लेकिन इस वर्ष शिवनाथ नदी का जलस्तर कम होने के चलते एनीकट में पानी नहीं होने की वजह से लगभग एक माह पूर्व फरवरी से ही नगर निगम को अन्य जलाशयों से पानी लेना पड़ा है।

## जिला पंचायत में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का निवार्चन आज

# सदस्यों से पर्यवेक्षक की रायशुमारी के बाद तय होंगे अध्यक्ष-उपाध्यक्ष!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एमएमसी व केसीजी जिला पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव होने के बाद आज राजनांदगांव जिला पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुने जाने हैं। 13 सीट वाली जिला पंचायत में दस सदस्यों के साथ भाजपा बहुमत में है।

ऐसे में उनका अध्यक्ष-उपाध्यक्ष बनना तय है। दोनों ही पद के लिए नाम तय करने आज पर्यवेक्षक नवनिर्वाचित सदस्यों से वन-टू-वन रायशुमारी करने वाले हैं। इसके बाद बंद लिफाफे में तय नाम लिखकर दिया जाएगा। जिसकी घोषणा जिला अध्यक्ष द्वारा होगी। क्रॉस वोटिंग की आशंका को देखते हुए भाजपा ने अपने सभी दस जिला पंचायत सदस्य को पहले ही टूर पर भेज दिया है। ये सभी आज सुबह ही जिला मुख्यालय पहुंचेंगे।

पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह 9 बजे जिला पंचायत के लिए पर्यवेक्षक बनाए गए भूपेन्द्र सवन्नी जिला मुख्यालय पहुंचेंगे। यहां जिला भाजपा कार्यालय में सभी दस जिला पंचायत सदस्यों से बंद कमरे में चर्चा की जाएगी। सभी से अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए उनकी पसंद का नाम पूछा जाएगा, जिस नाम को लेकर अधिकांश लोगों में सहमति दिखेगी, उसको लेकर वरिष्ठ नेताओं से भी चर्चा की जाएगी। इस प्रक्रिया के बाद ही अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान पार्टी करेगी।

## आज सुबह आएंगे पर्यवेक्षक भूपेन्द्र सवन्नी



### कांग्रेस से विभा भरेंगी पर्चा?

नियम अनुसार नामांकन के लिए प्रत्याशी के साथ एक समर्थक, एक प्रस्तावक का होना जरूरी है। राजनांदगांव जिला पंचायत की 13 में से तीन सीट कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय चुनाव जीतने वाले विभा साहू, महेन्द्र यादव और अंगेश्वर देशमुख शामिल हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष का पद महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। ऐसे में इनमें से विभा साहू अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करेंगी और शेष दो नेता उनके समर्थक व प्रस्तावक बनेंगे।

### इन नामों की चर्चा

राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव आज सात मार्च को होना है। यहां ये पद महिला अनारक्षित के लिए आरक्षित है। ऐसे में यहां से अध्यक्ष पद के लिए प्रबल दावेदारों में किरण रविन्द्र वैष्णव, किरण साहू के साथ ही जागृति चुन्नी यदु के नाम शामिल हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए भी इन तीनों में से ही किसी एक का नाम आ सकता है। वहीं पुरूष वर्ग से प्रशांत कोड़ापे, गोपाल भुआर्य का नाम उपाध्यक्ष की रेस में शामिल है।

### कल निगम में शपथ ग्रहण

जिले के सभी जनपद पंचायत में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का निर्वाचन हो गया है। जिला पंचायत में भी आज यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद कल आठ मार्च को नगर निगम राजनांदगांव के नवनिर्वाचित पार्षद एवं महापौर का शपथ ग्रहण समारोह रखा गया है। शपथ ग्रहण के बाद दोपहर को निगम अध्यक्ष का चयन भी कर लिया जाएगा।

# 16 हजार पीएम आवास पहुंची प्रशासन की टीम, 15 मई तक पूरा करने का दिया लक्ष्य

## कलेक्टर-सीईओ की नई पहल, समस्या के निराकरण पर भी फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल पीएम आवास के तहत जिले में बन रहे सभी 16 हजार मकानों में गुरुवार को प्रशासन की टीम एक साथ पहुंची। इस मौके पर प्रशासनिक अमलों ने मकान की प्रगति देखी। साथ ही मई महीने से पहले आवास पूर्ण करने का टारगेट दिया। जिले की सभी 406 ग्राम पंचायतों में स्वीकृत एवं निर्माणाधीन 16908 आवासों का एक ही दिन में निरीक्षण कर आ रही समस्याओं के बारे में भी जाना।



कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में राजनांदगांव में नई पहल की गई। जिसके तहत 6 मार्च को जिले के शासकीय अमलों द्वारा समूह में हितग्राहियों के घर-घर जाकर उनसे संपर्क कर आवास निर्माण में आ रही समस्या को न केवल जानकारी ली, बल्कि समस्या का समाधान कर आवास निर्माण को समय-सीमा में पूर्ण करने प्रेरित किया गया। इसमें जनपद पंचायत अंतर्गत कार्यरत उप अभियंता, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी/तकनीकी सहायक, करारोपण अधिकारी, विकास एवं सहायक विकास विस्तार अधिकारी, योजनांतर्गत कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई। उक्त नोडल ने ग्राम पंचायतों के सचिव/रोजगार सहायक/बिहान कैडर/युवोदय के स्वयंसेवक एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समूह में हितग्राहियों के घर-घर जाकर आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने हेतु उन्हें प्रेरित किया। साथ ही निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट भी मंगाई गई। ज्ञात हो कि जिले में वर्ष 2016 से 2023 के मध्य कुल 27442 आवास स्वीकृत किए गए। जिसमें 27053 आवास पूर्ण कर लिया गया है, शेष 389 आवास प्रगतिरत है।

### 16731 आवास प्रगतिरत

जिले में वर्ष 2024-25 में 17997 आवास स्वीकृत हैं। जिनमें 1266 आवास पूर्ण कर लिए गए हैं। शेष 16731 आवास प्रगतिरत है। उक्त वर्षों में स्वीकृत शेष निर्माणाधीन आवासों को 15 मई 2025 तक शत-प्रतिशत पूर्ण किए जाने हेतु 15 मार्च तक 6466 एवं 26 मार्च तक 10798 आवास को पूर्ण किए जाने का चरणबद्ध लक्ष्य जनपद पंचायत को आबंटित किया गया है। साथ ही 30 मार्च 2025 तक पूर्ण आवासों का वृहद स्तर पर गृह प्रवेश कराने का लक्ष्य जिला पंचायत द्वारा जनपदों को आबंटित है।

### सर्वे कार्य भी जारी

जिले में स्वीकृत सभी आवासों के निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं 15 मई तक शत-प्रतिशत स्वीकृत आवासों को पूर्ण करने पहली बार ऐसी पहल की गई है। वर्तमान में सर्वे कार्य प्रारंभ है। ग्राम पंचायत के सर्वेयरों द्वारा या स्वयं सर्वे कर अपना नाम आवास सूची में जोड़ सकते हैं।

### माय एंगल




# डोंगरगढ़ में लूट, अज्ञात आरोपी के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र से व्यापार का पैसा लेकर आ रहे लक्ष्मीनारायण स्वीट्स के कर्मचारी से 1 लाख 1 हजार रुपए की लूट का मामला सामने आया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने ज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

बीते बुधवार की रात डोंगरगढ़ क्षेत्र में इलायचीदाना सप्लाई कर व्यापार का पैसा लेकर आ रहे लक्ष्मीनारायण स्वीट्स के कर्मचारी धनराज सिन्हा और उसके एक अन्य साथी से प्रज्ञागिरी के समीप अज्ञात आरोपी द्वारा लूट की वारदात किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। राजनांदगांव के गुड़ाखू लाइन निवासी लक्ष्मीनारायण स्वीट्स के संचालक स्वप्निल गुप्ता ⏩ शेष पेज 12 पर

### बैग में रखे थे रुपए

लूट का शिकार हुए कर्मचारी ढाबा निवासी ड्राईवर धनराज ने पुलिस को बताया कि डोंगरगढ़ क्षेत्र से व्यापारियों को इलायचीदाना सप्लाई कर रात लगभग 8.30 बजे वह अपने पिकअप वाहन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान प्रज्ञागिरी पहाड़ी के समीप अज्ञात फोरव्हीलर वाहन चालक द्वारा बैग में रखे रुपयों की लूट कर ली गई। लूट की इस घटना के बाद वह सीधे राजनांदगांव के बसंतपुर थाना पहुंचे, जहां लूट की रिपोर्ट लिखाने का प्रयास किया गया, लेकिन थाना क्षेत्र डोंगरगढ़ होने की वजह से उन्हें डोंगरगढ़ थाना भेजा गया।

## ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा समारोह

# निगम की आर्थिक स्थिति को देखते हुए सादगी से होगा महापौर-पार्षद का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला व जनपद के बाद अब नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण की तैयारी शुरू हो गई है। कल आठ मार्च को सीएम विष्णुदेव साय एवं विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में महापौर मधुसूदन यादव के साथ ही शहर के 51 पार्षद शपथ लेंगे, लेकिन यह पूरा आयोजन नगर निगम की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह सादगी के साथ किया जाएगा। निगम पर अधिक वित्तीय भार ना आए, इसलिए इस आयोजन में किसी भी प्रकार के बेफिजूल खर्च से बचा जा रहा है।

इस मामले में जब हरिभूमि ने नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव से बात की तो उनका कहना था कि निगम की पिछले कुछ सालों में आर्थिक स्थिति काफी बिगड़ी है। ऐसे में आने वाला उनका कार्यकाल की प्राथमिकता इसको बेहतर बनाने की होगी। निगम प्रशासन द्वारा होने वाले बेफिजूल खर्च पर लगाम लगाने के साथ ही निगम की आय बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा। यही कारण है कि शपथ ग्रहण समारोह से ही इसकी शुरूआत की जा रही है और सादगी के साथ पूरा समारोह आयोजित किया जाएगा।

### खास बातें

- शपथ ग्रहण को लेकर निगम ने शुरू की तैयारियां
- फिजूलखर्च रोकने की दिशा में लिया गया निर्णय, प्रदेश सरकार के कई मंत्री होंगे शामिल



### पहले महिला पार्षद लेंगी शपथ

मिली जानकारी के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह में सबसे पहले महापौर मधुसूदन यादव शपथ लेंगे। उनके बाद शहर की कुल 17 महिला पार्षद शपथ लेंगी, इसके बाद क्रमवार पुरूष पार्षद शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में करीबन दो हजार लोगों के शामिल होने की संभावना बताई जा रही है। इनमें शहर के हर कोने से लोगों के पहुंचने की संभावना है।

### तीसरी बार बनेंगे मेयर



मधुसूदन यादव तीसरी बार महापौर की शपथ लेंगे। इससे पहले उन्होंने 2010 में और 2004 में भी महापौर पद की शपथ ली थी। हालांकि 2004 में उन्हें सरकार द्वारा मनोनीत किया गया था।





नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### मानस महोत्सव 10 को

**ठेलकाडीह।** पदुमतरा के सुप्रसिद्ध श्री राम जानकी शिव मंदिर की स्थापना के प्रथम वर्षगांठ पर एक दिवसीय मानस महोत्सव का आयोजन आगामी 10 मार्च को किया गया है। श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया इस अवसर पर सुबह 9 बजे मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना और हवन किया जाएगा। बाजार चौक में सुबह 11 बजे से मानस महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न मानस मंडलियां प्रस्तुति देंगी। इस दौरान नवनिर्वाचित जनपद सदस्य, सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह रखा गया है।

### नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य अंजना ठाकुर के निर्देशन में द्वितीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं के लिए एनईपी 2020 प्रावधानों की जानकारी देने कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में जानकारी दी गई। छात्रों को सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विषय ज्ञान, रोजगारोन्मुखी शिक्षा, द्वितीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रम डीएससी, जीई, एईसी, एसईसी, व्हीएसी के संबंध में बताया गया। छात्रों को परीक्षा पैटर्न से भी अवगत कराया गया। संचालन डां काव्या जैन, हेमशंकर साहू और लीना साहू ने किया। इस मौके पर एचओडी एम्बेसडर मुरली साहू, तन्नू ठाकुर, कबीर देवांगन, पूजा धनकर, रूपेशकुमार, लक्ष्मी साहू आदि मौजूद थे।

### चोड़राधाम में छात्रों ने किया सफाई



**गंडई पंडरिया।** देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय के एमए राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र छात्राओं ने डोंगेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्र-छात्राओं ने मंदिर परिसर के साथ आसपास की सफाई किया। इस दौरान छात्रों ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने स्वच्छता के लाभों और स्वस्थ जीवनशैली में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। आयोजन में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष टीएल वर्मा और शेषराम गोरे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ कुर्रे ने कहा कि स्वच्छता केवल कार्य नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का प्रयास करना चाहिए। विभागाध्यक्ष श्री वर्मा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा छात्रों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई।

### घर से बगैर बताए निकला छात्र गायब



**ठेलकाडीह।** डूमरडीहकला निवासी 15 वर्षीय कुणाल लहरे पिता पोथीराम लहरे अपने दोस्त के घर जाने की बात कहकर 7 फरवरी को निकला था, जो अब तक लापता है। कुणाल के परिजनों ने आसपास एवं रिश्तेदारों में पतासाजी किया, लेकिन उसका पता नहीं चला। कुणाल की मां भुनेश्वरी लहरे ने गुमशुदगी की रिपोर्ट ठेलकाडीह थाना में दर्ज कराया है। कुणाल की मां को आशंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसे बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस मामला दर्ज कर पतासाजी करने में जुट गई है।

### विक्रांत से मिले जनप्रतिनिधि



**पटेवा।** ग्राम पंचायत सलोनी के सरपंच सौरभ कुमार साहू ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद सौजन्य भेंट कर बधाई दी है। इस दौरान ललित साहू, नरेन्द्र वर्मा, जगेश्वर साहू, तरुण साहू, भागदास कुर्रे, सुनील साहू, कांता, रुप कुमार, भुवन बारले, टीआर साहू, एसएल साहू मौजूद थे।

### दाम्पत्य सूत्र में बंधे 13 जोड़े



**छुरिया।** जनपद पंचायत के सामुदायिक भवन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 13 जोड़े का विवाह विधि विधान से पं. टीकम प्रसाद पाण्डेय ने संपन्न कराया। कार्यक्रम में जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष गीता साहू, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, भाजपा नेता चंद्रिकाप्रसाद डड़सेना, सलूजा कोमरे, दुर्गा सिन्हा, संगीता यादव, शिशु पाल साहू ने शामिल होकर वर वधु को आशीर्वाद दिया। विवाह उपरांत 35 हजार का चेक एवं शासन द्वारा प्रदत्त सामान नवदंपति को दिया गया। महिला बाल विकास विभाग के आयोजन में बडी संख्या में अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

### धर्मांतरण को बढ़ावा देने की शिकायत



**मानपुर।** विश्व हिंदू परिषद की जिला इकाई ने एक समाज विशेष के धर्मस्थल पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। परिषद ने आदिवासी समाज की लड़कियों को बहला-फुसलाकर धर्मांतरण कराने और शारीरिक शोषण करने के आरोप लगाए हैं। ज्ञापन में दावा किया गया है कि धर्मस्थल में धर्मांतरण जैसी गतिविधि संचालित की जा रही हैं। परिषद ने यह भी आरोप लगाया कि इस कार्य को अंजाम देने के लिए पैसे का लेनदेन किया जा रहा है। परिषद का कहना है कि धर्मस्थल के माध्यम से जनजातीय समुदाय की लड़कियों को निशाना बनाकर धर्मांतरण करने मजबूर किया जा रहा है। परिषद के पदाधिकारियों ने मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

---

### लंबित बिल वसूल करने सघन अभियान

# सीएसईबी ने पीएचई से वसूले 37 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

वनांचल क्षेत्र मानपुर, मोहला एवं अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया बिल वसूली के लिए वृहद अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में मोहला संभाग अंतर्गत औंधी, मानपुर, खड़गांव, मोहला, गोटाटोला, वासड़ी, कौड़ीकसा, चौकी एवं बांधाबाजार वितरण केन्द्रों में 218 बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों को विच्छेदित किया गया है। वहीं 507 बकायादार उपभोक्ताओं से 12 लाख 35 हजार वसूल किया गया।

गौरतलब है कि पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि पर बिजली बिल के भुगतान के लिए स्पॉट बिलिंग के माध्यम से उनके घर पर ही बिल उपलब्ध कराया जाता है। बिजली बिल के देयकों के भुगतान में विलंब होने पर समझाइश के बाद भी बिल नहीं अदा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन को विच्छेदित करने की कार्रवाई की जा रही है।



#### 218 उपभोक्ताओं पर कार्रवाई

कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने बताया मानपुर, मोहला एवं अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारियों की गठित टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुए 218 उपभोक्ताओं के कनेक्शन जिन पर 10 लाख 97 हजार बकाया था, का भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन काट दिए गए हैं।

#### नियमित भुगतान की अपील

उन्होंने बकायादार उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि विद्युत देयकों का भुगतान नियमित रूप से करें ताकि विच्छेदन की कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचा जा सके। बिजली बिल का नियमित भुगतान नहीं करने पर उपभोक्ताओं को राज्य सरकार की बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ भी नही मिल पाएगा क्योंकि बिजली का नियमित भुगतान नहीं होने से वह स्वतः अपात्र हो जाएंगे।

#### सरकारी विभागों पर पौने 13 करोड़ बकाया

मोहला संभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल कुमार रामटेके ने बताया कि मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के समस्त विभागों में 12 करोड़ 79 लाख बकाया है, जिसमें वाटर वर्क के 3 करोड़ 55 लाख, सड़कबत्ती के 1 करोड़ 25 लाख लंबित होने कारण विभाग प्रमुखों को पत्र प्रेषित कर बिजली बिल भुगतान करने कहा गया है। निर्धारित समयावधि में लंबित देयकों के भुगतान नहीं होने की स्थिति में कनेक्शन काटने की कार्यवाही प्रारंभ की गई है। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से 36 लाख 97 हजार का भुगतान प्राप्त किया गया है।

---

### जन्मदिन की सौगात...



राजनांदगांव। हरिभूमि जन्मदिन उत्सव योजना के तहत शरद पात्रे को उपहार प्रदान किया गया।

## नशे की लत में फंसकर युवा लगा रहे मौत को गले

**डोंगरगढ़।** विकासखंड में युवकों के आत्महत्या करने की घटनाएं लगातार हो रही है। कोई ट्रेन से कट कर जान दे रहा है तो कोई फांसी लगा रहा है। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच तो करती है किन्तु घटना के पीछे का वास्तविक कारण सामने नहीं आ रहा है। कारण का निदान नहीं होने से घटनाओं पर अंकुश नहीं लग रहा है।

जानकारी के अनुसार धर्मनगरी में फैले नशे के कारोबार ने युवाओं को अपनी जद में ले लिया है। शहर में नशीली दवाएं, इंजेक्शन, गांजा, अफीम एवं दारू बेरोकटोक बिक रहा है और युवा इसका सेवन भी कर रहे हैं। वहीं युवाओ में कम समय और कम लागत में अधिक कमाने की धुन सवार है। अधिक से अधिक कमाने के चक्कर में साइबर अपराध में लिप्त होते जा रहे है। हाल ही कुछ को म्यूल एकाऊंट से राशि ट्रांसफर करने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है। इसी प्रकार आनलाइन सटटा, मोबाईल गेम में फंस कर युवा बर्बाद हो रहे हैं। मोबाईल गेम खिलाने वाले कंपनी से कमीशन मिलने के कारण इससे कई युवा जुड़े है।

#### क्राइम से बन रही शहर की पहचान

धर्मनगरी की पहचान इन दिनों अपराध गढ के रूप में होने लगी है। युवाओं में पैसे कमाने का होड और नशे की लत उन्हे मौत के करीब खड़ा कर रही है। अवैध कारोबार, नश की लत के अलावा बेरोजगारी के कारण युवा डिप्रेषन में आकर आत्महत्या करने जैसा कदम उठा रहे हैं।

---

## जिला पंचायत अध्यक्ष पहुंची कथा सुनने

**सड़क अतरिया।** पूर्व विधायक कोमल जंघेल और उनके परिजनों ने घिरघोली में श्री मद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया है। बुधवार को नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार अपने पति खम्मन ताम्रकार एवं भाजपा पदाधिकारीयों के संग भागवत कथा का श्रवण करने पहुंची। व्यास पीठ में कथा वाचक भरत महाराज से उन्होंने आशीर्वाद लिया। इस दौरान निज़ाम सिंह मंडावी, जीवनदास रात्रे, ललित चोपडा, हेमलता मंडावी, हेमंत वर्मा, दूजे वर्मा, संतु पटेल, जयराम वर्मा, देवसिंग ठाकुर, खेम जंघेल, लीलाधर साहू, रामा साहू, तुलसी यादव, गोलू, संतोष कोचर, डॉ योगेंद्र कौशिक मौजूद थे। पूर्व डिप्टी कलेक्टर मनहरण जंघेल, सुखदेव जंघेल, खोमलाल साहू, तुलसी साहू, अर्जुन जंघेल, करण बघमरा सहित अन्य ने भी कथा का श्रवण किया।




## कॉलेज में साइबर सिक्योरिटी पर वर्कशाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और संजय देवांगन के निर्देशन में साइबर सिक्योरिटी पर वर्कशाप आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता होमी महिकवार आईसीएफएआई सहायक मैनेजर, युगल किशोर गजेंद्र कैरियर एडवाइजर और वैभव राय थे। कार्यक्रम में श्री महिकवार ने बताया कि विद्यार्थी या अन्य ऑनलाइन पर्सनल डाटा साझा कर फंस कर स्वयं का नुकसान कर लेते हैं। संजय देवांगन ने साइबर सिक्योरिटी के लाभ बताए।




संचालन महेश साहू और पूजा देवांगन ने किया। कार्यक्रम में डॉ नवीन राजपूत, रविप्रकाश चतुर्वेदी, नेमू साहू, रितेश बंजारे, कमलेश चेलक, हिरेंद्र साहू, भारती साहू, मासूम वर्मा आदि उपस्थित थे।

#### जानकारी साझा न करें

व्हाट्सअप, इंस्टाग्राम और फेसबुक आईडी में कुछ लड़के लड़कियों के नाम से फेक आईडी बनाते है जिस पर फेक आईडी वाले नजर रखते है। फेक आईडी वाले व्यक्ति का फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने पर वह झांसा में लेता है जिसे हम अपनी निजी जानकारी साझा कर देते है और इसी के साथ वह अपने चंगुल में फांस लेता है। प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने कहा साइबर सिक्योरिटी एक प्रकार की इंटरनेट से जुड़े सिस्टम से सुरक्षा होती है जिसका मकसद डिवाइस, हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और डेटा इंफॉर्मेशन आदि को साइबर क्राइम से बचाना होता है।

---

## राज्य सरकार के बजट से मनरेगा कर्मी निराश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलकसा

- चार माह से वेतन नहीं मिला कर्मियों को
- राज्य में सेवा सुरक्षा की गारंटी नहीं

मनरेगा कर्मी राज्य सरकार के बजट से निराश है। बजट में महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत कार्यरत कर्मियों के लिए कोई भी प्रावधान नहीं किया गया है। कर्मियों ने बताया कि अल्प वेतन में कार्यरत कर्मियों से मनरेगा के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य लिया जा रहा है। उन्हे विगत 4 माह से वेतन नहीं मिला है जिसके कारण कर्मचारी पीड़ित एवं आक्रोशित हैं।



मनरेगा महासंघ के मीडिया प्रभारी नरोत्तम सिंह कुंजाम ने बताया कि भाजपा शासित मध्यप्रदेश, राजस्थान एवं बिहार सहित अन्य राज्यों में मनरेगा कर्मियों के सेवा, सामाजिक सुरक्षा एवं वेतन भुगतान संबंधी अच्छी नीति लागू है। केन्द्र सरकार से राशि प्राप्त न होने पर राज्य सरकार द्वारा पूल फण्ड से वेतन भुगतान किया जाता है किन्तु छत्तीसगढ़ के मनरेगा कर्मी सेवा, सामाजिक सुरक्षा एवं वेतन जैसी सुविधाओं से वंचित हैं।

#### बस कमेटी का गठन

उन्होंने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा कर्मियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने तक सामाजिक एवं सेवा सुरक्षा की दृष्टि से मानव संसाधन नीति लागू करने राज्य स्तरीय 8 सदस्यीय समिति का गठन किया है। पूर्ववर्ती सरकार भी 5 वर्षों तक कमेटी बनाते रही किन्तु परिणाम कुछ भी सामने नहीं आया। सितंबर 24 में 15 दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का वादा किया गया था जो अब तक अधूरा है।

#### बजट में मिली नगर को बड़ी सौगातें: डोंगरे



**डोंगरगढ़।** पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे नगर को बड़ी सौगात मिली है। बजट में परिक्रमा पथ और वाय शेप ओवरब्रिज के निर्माण की घोषणा की गई है। वहीं केंद्र सरकार की प्रसाद योजना का नाम बदलकर मां बम्लेश्वरी तीर्थ विकास योजना कर दिया गया है। इस योजना के तहत मंदिर पहाड़ी के चारों ओर परिक्रमा पथ और श्री यंत्र की आकृति में एक मोटेल का निर्माण किया जाएगा। वाय-सेप ओवरब्रिज बनाने से यातायात सुगम होगा। इसी प्रकार 7.50 करोड़ की लागत से बम्लेश्वरी मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, सीढ़ियों की मरम्मत, रेलिंग और शेडिंग, बायो टॉयलेट, पैगोडा, प्राथमिक उपचार केंद्र, 5.41 करोड़ की लागत से प्रज्ञागिरी क्षेत्र में मेडिटेशन सेंटर, लाइब्रेरी, कैंटीन, सीढ़ियों की मरम्मत, स्तूप निर्माण किया जाएगा। श्री यंत्र, मोटल आदि के निर्माण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और शहर का व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## गांव में बढ़ा जलसंकट मामला उठा विधानसभा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

विधानसभा के बजट सत्र में विधायक दलेश्वर साहू ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जल संकट का मामला उठाया है। उन्होंने विधानसभा में बताया कि आदिवासी अंचलों रों एवं अन्य सुदूर पारा मोहल्लों के लोगों को पेयजल मुहैया कराने जल जीवन योजना एवं अन्य योजनाओं की शुरुआत की गई है, लेकिन डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम कातलवाही में ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। समस्या के निदान हेतु कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राजनांदगाव को 13 फरवरी एवं सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड डोंगरगढ़ को निरीक्षण कर निराकरण करने कहा गया था किन्तु समस्या अब तक यथावत बनी हुई है। इसी प्रकार डोंगरगाव विकासखंड के ग्राम कोहका, मोहड़, दीवानभेड़ी, भट्गुना, झिटिया, अर्जुनी, कोनारी, आसरा एवं डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम खूबाटोला, कारुटोला, बोरतालाव, पीटेपानी, उरईडवरी, गिधवा, टप्पा में अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण पेयजल समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है।



---

### भानपुरी में फाग महोत्सव 12 को

**मुसरा।** ग्राम भानपुरी में फाग महोत्सव और प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 12 मार्च को किया गया है। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 5001, द्वितीय 4001, तृतीय 3001,चतुर्थ 2001 एवं पंचम पुरस्कार 1001रूपए दिया जाएगा। इसके अलावा अनुशासन, श्रेष्ठ झांकी, श्रेष्ठ गायन, श्रेष्ठ रचना, श्रेष्ठ वेशभूषा, श्रेष्ठ राधा कृष्ण, श्रेष्ठ नृत्य पर 501 रूपए दिया जाएगा। रोशन वर्मा ने आस-पास के ग्रामीणों से सम्मिलित होने का निवेदन किया है।



### 10 बल्क लीटर शराब बरामद

**डौंगरगढ़।** आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त के निर्देशन में विभाग के अमला ने गत 5 मार्च को आरोपी द्वारिका नेताम पिता मोतीराम नेताम निवासी कल्याणपुर के पास से सफेद रंग के जरीकेन में 10 बल्क लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब, शराब युक्त पाउच, पालीथीन आदि बरामद किया है। इस कार्रवाई में उपनरीक्षक उज्जवल सूत्रधर के नेतृत्व में लालसिंह राजपूत, यदुनंदन राठौर भोजराज बंजारे, अश्वनी, खेमचंद मांडवी, रोहित टेम्बुरकर शामिल थे।



### आम के लगने लगे बौर

**गंडई पंडरिया।** आम के पेड़ों में बौर लगने लगा है। पेड़ों में छोटे फल भी दिखने लगे है। वर्तमान गर्मी को देखते हुए उम्मीद लगाया जता रहा है कि इस बार आम की फसल अच्छी होगी। आम के पेड़ों में बौर आने के कारण नीचे खड़े होने पर अच्छी खुशबू आती है। नगर के सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र में लगे आम के वृक्ष जिसमे बौर आ गई है जिससे मरीज खुशनुमा माहौल का एहसास करते हैं।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बाजार में बिकने लगा नगाड़ा

**गंडई पंडरिया।** आगामी 14 मार्च को रंगों का पर्व होली है। होली के पहले पारंपरिक तरीके से बनाए गए नगाड़ा बाजार में बिकने आने लगे हैं। छोटे से लेकर बड़े साइज के नगाड़ों से बाजार सजने लगा है। नगाड़ा बजाने के इच्छुक लोग खरीदने गंडई पहुंच रहे हैं। गंडई के तिरंगा चौक में लगी नगाड़ा की दुकान लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। आसपास गावों के लोग अन्य सामानों के साथ नगाड़ा खरीद रहे हैं।



### ठेका श्रमिक कर रहे राजस्व वसूली

**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत गंडई द्वारा समय समय पर नागरिकों से बकाया करों की वसूली के लिए अभियान चलाया जाता है। शिविर लगाकर भी करो की वसूली किया जाता है। इस वर्ष भी राजस्व वसूली के लिए शिविर लगाया जा रहा है। जानकारी अनुसार 24 फरवरी से 27 मार्च तक गंडई के विभिन्न वार्डो में ठेका श्रमिको के माध्यम से शिविर लगाकर राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी अनुसार 24 फरवरी से 5 मार्च तक 2 लाख से अधिक की वसूली निकाय के ठेका श्रमिक नवीन नामदेव, राजा पटौती, इमरान खान, युगल ताम्रकर, जितेंद्र बंजारे द्वारा शिविर लगाकर किया जा चुका है।



### उज्जैन में माधवी गणवीर सम्मानित

**डोंगरगांव।** महाकाल की नगरी उज्जैन में बिलासा छंद महालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। बिलासा छंद महालय के संस्थापक डॉ रामनाथ साहू ननकी, अध्यक्ष डॉ माधुरी मुदिता, सचिव डॉ ओंमकार साहू मृदुल के संकल्पों से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौन तीर्थ निरंजन अखाड़ा के श्री श्री 1000 समनानंद महाराज, विशिष्ट अतिथि गोविंद शर्मा, मनोहर मोयदे, देवेंद्र शर्मा थे। इस कार्यक्रम में नगर की शिक्षिका एवं साहित्यकार डॉ माधवी गणवीर को मौन तीर्थ विद्यापीठ आश्रम में नव प्रस्तावित वर्नावली छंद ग्रंथ के सृजन में सहभागिता के लिए द मैजिक बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया।



### उपसरपंच के लिए सुप्रिया का नाम उभरा

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत अछोली में उपसरपंच के लिए सुप्रिया रानी गुप्ता ने अपनीन दावेदारी प्रस्तुत किया है। वह अपने मिलनसार व्यवहार एवं गांव में जनहित के कार्य करने के कारण पंच का चुनाव जीतने में सफल रही थी। उन्हें उपसरपंच के दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। पत्रकारिता में भी सक्रिय होने का गांव के विकास में कारगर हो सकता है। उनका कहना है कि वह गांव के विकास में पक्षपात की राजनीति दूर करेंगी। शासन की योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।



### नेताओं की मनमानी से कांग्रेस की हार: द्विवेदी

**डोंगरगढ़।** जनपद पंचायत के चुनाव में कांग्रेस की पराजय को पर्यवेक्षक कुछ नेताओं की मनमानी के कारण बता रहे है। पर्यवेक्षक दुर्गेश द्विवेदी ने बताया कि पूर्व जनपद सदस्य मनोज सिन्हा, किसान नेता दशरथ ठाकुर और जनपद सदस्य जेठू कंवर ने कांग्रेस के 13 जनपद सदस्यों में 6 लोगो को बरगलाकर भाजपा के पक्ष में मतदान कराया है, जिसमें कांग्रेस विधायक की भूमिका रही। उन्होने कांग्रेस की हार के लिए दिग्गज नेताओं को जिम्मेदार ठहराया है। उल्लेखनीय है कि जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा को बहुमत होने के बाद भी कांग्रेस सदस्यों का भी समर्थन मिला है। परिणाम आने के बाद भाजपाईयों ने जश्न मनाया। वहीं भाजपा खेमे में नाराज गिरवर साहू, बोधीराम साहू, जयपाल सिन्हा, बिसेसर वर्मा सहित अन्य ने जीत की बधाई दी किन्तु जंगल क्षेत्र से भाजपा की जीत के बाद वहां के जनप्रतिनिधियों को नजरअंदाज करने पर नाराजगी जाहिर किया। लाल बहादुर नगर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने जनपद उपाध्यक्ष पद पर नजर अंदाज करने पर आपत्ति जताया है।

### डाइट में हुआ स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

**खैरागढ़।** खैरागढ़ डाइट में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का सफल आयोजन हुआ। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैरागढ़ के प्राचार्य सुनील शर्मा के मार्गदर्शन में डाइट खैरागढ़ के रेडक्रॉस टीम एवं समस्त अकादमिक सदस्यों की उपस्थिति में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सिविल अस्पताल खैरागढ़ के चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक चिकित्सा के साथ ब्लड डोनेशन, दुर्घटना से बचाव, पर्यावरण जागरूकता, सीपीआर आदि की मूलभूत जानकारी प्रदान की गई साथ ही शिविर में छात्राध्यापकों की खून जांच ( हीमोग्लोबिन टेस्ट), साइक्लिंग एवं बीपी टेस्ट भी किया गया तथा आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। इस दौरान संस्था के प्रभारी प्राचार्य सुनील शर्मा, व्याख्याता डॉ.मकसूद अहमद, डॉ.मोनिका सिंह, डॉ.रचना दत्त, विद्याकांत केके वर्मा, रोमेश जंघेल, डिंपल ठाकुर सहित एकेडमिक सदस्य मौजूद थे।

### टीचिंग प्लान स्पर्धा को लेकर डाइट में कार्यक्रम

**खैरागढ़।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद रायपुर और स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष भी टीचिंग प्लान कम्पटीशन का आयोजन डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों के लिए किया जा रहा है। इसके तहत राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद रायपुर में बीते वर्षों कि तरह ही टीचिंग प्लान प्रतियोगिता का शुभारंभ ऑनलाइन वेबीनार द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में किया गया। प्रथम चरण के वेबिनार में टीचिंग प्लान प्रतियोगिता में भाग लेने छात्राध्यापकों की पूर्व तैयारी करवाने सहित आवश्यक प्रक्रियाओं के विषय में राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद रायपुर व स्टर लाइट एड इंडिया फाउंडेशन के प्रतिनिधियों सहित डाइट फैकल्टी द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों सहित अन्य जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों के द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों ने भी इसमे भाग लिया। गौरतलब है कि बीते साल डाइट खैरागढ़ ने प्राथमिक श्रेणी में पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया था इस वर्ष भी प्राचार्य सुनील कुमार शर्मा और डाइट फैकल्टी द्वारा बच्चों का राज्य में स्थान बनाने वेबिनार आयोजित कर मार्गदर्शन साथ उत्साहवर्धन किया गया। वेबिनार बाद राज्य अंतर्गत 18 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्यो, सेवा पूर्व प्रशिक्षण प्रभाग के प्रभारियों साथ इस प्रतियोगिता के आगामी चरणों के विभिन्न प्रक्रियाओ पर विस्तारपूर्वक चर्चा बाद मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान संस्थान प्राचार्य सुनील कुमार शर्मा, प्रशिक्षण प्रभाग के मकसूद खान, मोनिका सिंह, रचना दत्त, केके वर्मा, विद्याकांत महोबिया, रोमेश जंघेल,डिंपल ठाकुर उपस्थित थे।

### अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस को नहीं मिला प्रस्तावक और समर्थक

# जिपं में भाजपा का कब्जा, अध्यक्ष प्रियंका व उपाध्यक्ष बने विक्रांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला पंचायत केसीजी के बहुप्रतिष्ठित चुनाव में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की है। जिला पंचायत में भाजपा से अध्यक्ष पद पर श्रीमती प्रियंका खम्हन ताम्रकार निर्विरोध चुनी गई है वहीं उपाध्यक्ष पद पर विक्रांत सिंह की दोबारा ताजपोशी हुई है। जिला पंचायत में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद लिए कांग्रेस को बहुमत नहीं होने के कारण प्रस्तावक और समर्थक नहीं मिल पाया।

बता दे कि केसीजी जिले में पहली बार हुए जिला पंचायत चुनाव में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रभारी घम्मन साहू के कुशल नेतृत्व में भाजपा के 6 प्रत्याशियों ने जीत हासिल की थी वहीं दो प्रत्याशियों ने जीत के बाद भाजपा को अपना समर्थन दिया इस प्रकार भाजपा के पास 8 सदस्य हो गए और इस जादुई आंकड़े के साथ भाजपा ने नवगठित जिले के पहले जिला पंचायत चुनाव में क्लीन स्वीप कर कांग्रेस को



चारों खाने चित्त कर दिया। कांग्रेस के पास इकलौते श्रीमती निर्मला विजय वर्मा एक सीट व जालबांधा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़कर विजयी हुई शताक्षी देवव्रत सिंह विपक्ष में थे। आज निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर क्षेत्र क्रमांक-3 कटंगी से जिला पंचायत सदस्य प्रियंका खम्हन ताम्रकार और उपाध्यक्ष पर क्षेत्र क्रमांक-4 से जिला पंचायत सदस्य विक्रांत सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। कांग्रेस ने अध्यक्ष पद के लिये क्षेत्र क्रमांक-2 पैलीमेटा से जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया लेकिन प्रस्तावक और समर्थक नहीं मिलने की वजह से प्रियंका ताम्रकार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुई। भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर कार्यकर्ताओं ने बाजे गाजे के साथ आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, खम्हन ताम्रकार, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रभारी घम्मन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ.बिसेशर साहू, नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा नंद चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष आयश सिंह बोनी, खैरागढ़ जनपद अध्यक्ष डॉ.राजेश्री त्रिपाठी, उपाध्यक्ष लखन साहू सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्वीकृत व अपूर्ण आवास निर्माण कार्य शीघ्र करें पूर्ण

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2016 से 2023 तक जिले में स्वीकृत 27 हजार 442 आवासों में से 27 हजार 54 आवास पूर्ण हो चुके हैं तथा शेष 388 आवास अभी भी अपूर्ण है। जिला पंचायत सीईओ ने विकासखंड स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवास एवं अपूर्ण आवासों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही 2024-25 में स्वीकृत 17 हजार 997 आवासों के लिए जारी पहली और दूसरी किश्त के आधार पर निर्माण कार्य में तेजी लाने निर्देशित किया। उन्होंने जनपद पंचायत के सीईओ, विकासखंड स्तरीय नियुक्त नोडल अधिकारियों, उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, तकनीकी सहायक मनरेगा एवं योजनांतर्गत कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों को आवास पूर्णता के संबंध में निर्धारित लक्ष्य को समय-सीमा में पूर्ण करने कहा। उन्होंने ग्राम पंचायत में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र के साथ भ्रमण करने तथा आवास निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री जैसे रेती, गिट्टी, सीमेंट, ईंट, छड़ को समय पर और उचित मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त महात्मा गांधी नरेगा के भुगतान शत-प्रतिशत पूर्ण कराने की सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी कार्यक्रम अधिकारी को सौंपी। उन्होंने जनपद पंचायतों के सीइओ को ऐसे आवास मित्र जिनके आवास निर्माण कार्य में प्रगति संतोषप्रद नहीं है, सभी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## एनबीआईएस बोरी के बच्चे जाएंगे मलेशिया और दुबई



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के बच्चों का चयन मलेशिया तथा दुबई में होने वाले इंटरनेशनल अबेकस के लिए हुआ है। यह अबेकस प्रतियोगिता आगामी 22 मार्च को दुबई तथा 28 जून को मलेशिया में होने जा रही है। इस प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा पहले स्कूल लेवल, फिर जोनल लेवल उसके बाद राज्य स्तरीय तथा नेशनल लेवल में बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपना स्थान सुनिश्चित किया। नेशनल अबेकस एवं मैथ्स द्वारा एनबीआईएस शाला को बेस्ट स्कूल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस इंटरनेशनल अबेकस प्रतियोगिता में बिटा ग्रुप तथा गामा ग्रुप में परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें शाला की केजी-टू की छात्रा रिद्धी सिन्हा, कक्षा पहली से शावी खंडेलवाल, दूसरी से रावि आहुजा, मनन अग्रवाल, तीसरी से वीरम जैन, शिवांश खंडेलवाल, गुरसीन कौर, जतीन पंजवानी, प्रेरित देवांगन, चौथी से रिशित साहू, रेहत कौर बग्गा, अचिन्त्य श्रीवास्तव , रेयांश चांवडा, अनय मोटवानी, अरनव रामटेके, भाव्यांश ठाकरे, प्रियल दिनेश विगने, पांचवी से अद्विता चावडा, दिपल चौरसिया, प्रिशा जैन, विराज वर्मा, हेमाक्ष परमार, छठवीं से नितिन वैष्णव, पलक जोशी, समृद्धि जैन, वी. अरनव सोनी, विधान जैन, टुस्टी साहू, सातवीं से प्रखर सोनी, वंश शाह, सौम्य गिडलानी, आठवीं से निकुम अग्रवाल तथा नवमीं से वंदित पारख का चयन हुआ।

### बच्चों को दिया आशीर्वाद

यह पहला अवसर है, जब शाला के प्री प्राइमरी कक्षा से लेकर हायर कक्षा के छात्रों ने सहभागिता दिखाते अपना स्थान इंटरनेशनल अबेकस हेतु सुनिश्चित किया है। बच्चों की इस उपलब्धि पर शाला परिवार में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा चयनित बच्चों को आशीर्वाद दिया गया तथा आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी गई। शाला के अबेकस शिक्षक रमाकांत साहू का विशेष योगदान रहा। डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान तथा शिक्षकों द्वारा बच्चों को बधाई दी गई।

## डोंगरगढ़ नगर पालिका में उमा बनी उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ नगर पालिका में आज उपाध्यक्ष का चुनाव निर्धारित समय के अनुरूप पूर्ण हुआ। जिसमें भाजपा प्रत्याशी उमा महेश वर्मा ने एकतरफा जीत हासिल कर पालिका में पूरी तरह भाजपा का कब्जा करने में सफलता हासिल की। उपाध्यक्ष के रूप में कांग्रेस की ओर से पार्षद ए. विनायक राव ने नामांकन दाखिल किया था। 24 पार्षदों सहित अध्यक्ष द्वारा किए गए मतदान में कांग्रेस को महज 6 ही मत मिले। जबकि उमा महेश वर्मा को भाजपा के जीते 14 पार्षदों सहित 4 निर्दलीय पार्षद एवं अध्यक्ष रमन डोंगरे ने अपना मत दिया है। भाजपा की तरफ से जीते निर्दलीय प्रत्याशी सहित कांग्रेस के निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी उपाध्यक्ष को अपना समर्थन दिया है, ऐसा माना जा रहा है, क्योंक कांग्रेस के जीते 6 पार्षदों के वोट कांग्रेस को ही मिला



है, ऐसा माना जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम ने पूरी चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई। हालांकि नगर पालिका में 2 बजे से ही भाजपा के कार्यकर्ता सहित कांग्रेस दल की भी भीड़ अच्छी खासी जमा हुई थी।

नगर पालिका चुनाव में भी जहां मोर्चा को वरिष्ठ भाजपा नेता कोमल सिंह राजपूत, लालचंद बाफना, सौरभ कोठारी, रामजी भारती, विनोद खांडेकर, हरविंदर सिंग मंगे सहित अनेक वरिष्ठ नेता संभाल रखे थे। वहीं कांग्रेस खेमा से अध्यक्ष विजयराज चौहान के साथ मौके पर कुछ कार्यकर्ता ही नजर आए। चुनाव की प्रक्रिया के पहले उपाध्यक्ष पद को लेकर भाजपा के पक्ष में 15 वोट मिलने की जानकारी सामने आई थी, जो परिणाम के बाद 19 हो गई। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के नाराज पार्षद जहां भाजपा के पक्ष में नजर आए। वहीं भाजपा से नाराज होकर जीते पार्षद ने भाजपा को ही समर्थन दिया।

### पूजा-अर्चना कर किया प्रवेश

आज नगर पालिका में अध्यक्ष रमन डोंगरे सहित उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने-अपने कक्ष में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रवेश किया। रमन डोंगरे ने सामाजिक भंते द्वारा परित्राण पाठ एवं पंडित के माध्यम से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ही अपनी कुर्सी में बैठे तो वहीं पूजा-अर्चना कर उमा महेश वर्मा ने भी अपना स्थान ग्रहण किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को बधाई दी। वहीं भाजपा नेताओं एवं नगरवासियों ने भी नगर पालिका पहुंचकर अध्यक्ष-उपाध्यक्ष को बधाई दी, जो सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।

## प्रो राजन यादव को महाकवि कपिलनाथ साहित्य सम्मान



**खैरागढ़।** इन्दिरा कला संगीत विवि के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो डॉ राजन यादव को बिलासपुर में महाकवि कपिलनाथ कश्यप साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। लोकसाहित्य के संवाहक, मानस चिन्तन के प्रवाहक और हिंदी जनपदीय भाषा साहित्य के अध्येता प्रो यादव पचास से अधिक राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। अटल बिहारी वाजपेयी विविद्य बिलासपुर के कुलगीतकार प्रो यादव की चार पुस्तकें पंडित सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विवि बिलासपुर के बीए, एम व पीजी डिप्लोमा की कक्षाओं में पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ाया जाता हैं। डॉ बंशगोपाल सिंह कुलपति पंडित सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विवि बिलासपुर के मुख्य आतिथ्य, डॉ विनय कुमार पाठक कुलपति थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार की अध्यक्षता में महाकवि कपिलनाथ कश्यप जयंती समारोह समिति अध्यक्ष गणेश प्रसाद कश्यप व अतिथियों द्वारा प्रोफेसर यादव को शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, सम्मान पत्र और कश्यप साहित्य प्रदान किया गया। इस दौरान समीक्षक डॉ ईसाबेला लकड़ा, हीरामणि शुक्ला, शीतल कश्यप, रमेश चौबे, शिवकुमार साहू व कवयित्री रश्मि रामेश्वर गुप्ता ने कपिलनाथ कश्यप की कविताओं का गान किया। वही प्रो राजन यादव ने कपिलनाथ कश्यप के महाकाव्य श्रीरामकथा और श्रीकृष्णकथा पर गतिमय व्याख्यान दिया।

### पेयजल के लिए आवश्यक व्यवस्था करने कहा

# महापौर और कलेक्टर ने मोहरा शिवनाथ नदी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रीष्म ऋतु में शिवनाथ नदी में कम जल संग्रहण के कारण शहर में पेयजल सप्लाई प्रभावित हो रही थी, जिसे ध्यान में रखकर नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव तथा कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जल संसाधन, माईनिंग एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ मोहारा शिवनाथ नदी का निरीक्षण कर नदी में पानी के भंडारण के लिए दिशा-निर्देश दिए।

ग्रीष्म ऋतु में नदी में कम जल संग्रहण पर जल संसाधन विभाग व नगर निगम के कार्यपालन अभियंताओं ने जानकारी दी कि जल संसाधन संभाग राजनांदगांव द्वारा राजनांदगांव शहर को पेयजल प्रदाय के प्रयोजन से शिवनाथ नदी में ग्राम मोहारा के पास नदी तल से 3.50 मी. ऊंचा एवं 200 मी. लंबा एनीकट का निर्माण वर्ष 2010 में पूर्ण किया गया है। जिसमें कुल 35 नग गेट है। जिनकी लंबाई 1.50 मी. एवं चौड़ाई 1.50 मी. है एवं एनीकट का जल भंडारण क्षमता 15,30,000 घमी (पन्द्रह लाख तीस हजार घन मीटर) है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव शहर के लिए बायीं तट पर निर्मित 2 इंटेकवेल के माध्यम से 40 मिलीनय लीटर प्रतिदिन एवं दायीं तट पर निर्मित 01 इन्टेकवेल के माध्यम से 2 एम.एल/प्रतिदिन शहर में, 23 एमएल/प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्र में, इस प्रकार कुल 42 एमएल/प्रतिदिन जल प्रदाय किया जाता है।

अधिकारियों ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में नदी में पानी की कमी होने पर पूर्व में शहर में पेयजल प्रदाय हेतु मोंगरा बैराज एवं मटियामोती जलाशय से वर्ष में केवल 2 बार पानी मांग अनुसार प्रदाय किया जाता था, किन्तु विगत 5 वर्षों से मोहारा एनीकट के अपस्ट्रीम भाग में 40 प्रतिशत हिस्से में सिल्ट जमा होने के कारण औसतन 05 से 06 बार पानी (जल) उपरोक्त जलाशय एवं बैराज से मांग करना पड़ता है। एनीकट निर्माण के पश्चात वर्ष 2011 से आज दिनांक तक नदी सिल्ट सफाई का कार्य नहीं होने के कारण वर्तमान समय पर एनीकट के ऊपरी भाग लगभग 1 किमी तक नदी के दायीं तट भाग में औसतन 160 मी. चौड़ाई एवं नदी तट से लगभग 1.52 मी. ऊंचाई पर सिल्ट (मिट्टी, मिट्टी मिक्स रेत एवं रेत) जमा हो गया है। जिसके कारण एनीकट के जल भंडारण क्षमता में लगभग 40 प्रतिशत कमी हो गई है एवं सिल्ट जमा होने के कारण नदी के बायीं तट पर इन्टेकवेल के पास नदी का कटाव हो रहा है।



### हो सकेगा जल भंडारण

अधिकारियों ने बताया कि सील्ट जमा होने एवं कटाव होने से रोकने मोहारा एनीकट के ऊपरी भाग के दांयी तट के सिल्ट की सफाई किए जाने से लगभग 2,23,774 घन मीटर सिल्ट निलकने की संभावना है। सिल्ट निकलने के पश्चात एनीकट के क्षमतानुसार पूर्ण रूप से जल भंडारण हो सकेगा। जिससे राजनांदगांव शहर एवं 23 ग्रामों को सुचारू रूप से पेयजल हेतु पानी प्रदाय किया जा सकेगा एवं बांयी तट में हो रहे कटाव को भी रोका जा सकेगा।

### सामग्री का रखें पर्याप्त भंडारण

महापौर श्री यादव ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के प्रारंभ से ही पेयजल सप्लाई प्रभावित हो रही है, समस्या का निराकरण करना है। नदी में जल भंडारण के लिए पर्याप्त संसाधन के साथ सील्ट निकालने की कार्रवाई करें। उन्होंने निगम के अधिकारियों से कहा कि टंकी भरने के उपरांत ही पेयजल सप्लाई करें, इसके लिए सभी वालमेन को निर्देशित करें। मोटर पंप का संधारण कर अतिरिक्त पंप रखे। जिससे 24 घंटे काम चलता रहे। अन्य सामग्री का भी भंडारण रखे।

### करें आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित

कलेक्टर अग्रवाल ने जल संसाधन विभाग एवं माईनिंग विभाग के अधिकारियों से कहा कि नदी में कम जल संग्रहण को देखते दोनों विभाग संयुक्त रूप से शासन के दिशा-निर्देश के अनुसार कार्य योजना बनाकर सील्ट हटाने की कार्रवाई करें। उन्होंने निगम के अधिकारियों से भी फिल्टर प्लांट में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा।

## जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर मेधावी छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद के द्वारा पीएमश्री डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शास. उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय (विक्टोरिया स्कूल) खैरागढ़ में जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता भारत सरकार नई दिल्ली एवं छग विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के डॉ.जेके राय वैज्ञानिक एवं जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी के मार्गदर्शन में आयेजित कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी संजय श्रीवास्तव व्याख्याता ने बताया की विज्ञान मॉडल विज्ञान क्विज एवं विज्ञान चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 12 फरवरी को किया गया था। जिसमें प्रथम एवं द्वितीय आने वाले छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 28 फरवरी को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में जिला अनुसंधान यात्रा के जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगतिा में दिपाली व साथी शास.उच्च. मा.विद्या रोड अतरिया छुईखदान प्रथम, भूमिका एवं साथी सेजेस बालक खैरागढ़ द्वितीय एवं लक्ष्मी व साथी कन्या विद्या. छुईखदान तृतीय स्थान पर रहे। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, सहायक संचालक डॉ. रश्मि खरे एवं प्राचार्य आर.एल वर्मा के द्वारा पुरस्कृत छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आर.एल. वर्मा, व्याख्याता अनुराग सिंह, किरण सिंह, सुनील गुनी, आशीष मिश्रा, सायरा कुरैशी, बी.डी.जोशी, कु.राम्हीन, हेमलता वर्मा एवं शाल परिवार के शिक्षक सहित जिले भर के विज्ञान शिक्षक उपस्थित रहे।

### समूह में छुईखदान के विद्यार्थी प्रथम

जिसमें विज्ञान मॉडल समूह में सेजेस छुईखदान के विद्यार्थी प्रथम एवं सेजेस कन्या खैरागढ़ के विद्यार्थी द्वितीय स्थान पर रहे। विज्ञान मॉडल एकल प्रतियोगिता में शास. हाई स्कूल भरदाकला के विद्यार्थी प्रथम एवं शास. हाई स्कूल दपका के विद्यार्थी द्वितीय स्थान पर रहे। विज्ञान क्विज पूर्व मा. विभाग प्रतियोगिता में कु.कविता वर्मा एवं कु.दिव्या वर्मा शास. पूर्व मा. विद्या. घोघेडबरी प्रथम, कु. कौशील निर्मलकर व साथी शास. पूर्व मा. विद्या. प्रकाशपुर द्वितीय एवं विज्ञान क्विज उच्चतर माध्य. विभाग में कु. हुल्लास व साथी सेजेस बालक खैरागढ़, कु.छन्नी व साथी सेजेस बालक खैरागढ़ द्वितीय स्थान पर रहे। विज्ञान चित्रकला पूर्व मा. विभाग प्रतियोगिता में शौर्य देवांगन अवंती हाई स्कूल दाउचौरा प्रथम, पुष्पलता ध्रुव शास.आग्ल पूर्व मा. विद्या. खैरागढ़ द्वितीय, विज्ञान चित्रकला उच्चतर माध्यमिक विभाग प्रतियोगिता में कु. जान्हवी शास.उच्च.मा.विद्या. चंदैनी प्रथम, मौली कन्नौजे सेजेस बालक खैरागढ़ द्वितीय स्थान पर रही। विशेष मॉडल के रूप में स्मार्ट बैग की गाईड टीचर पायल मेश्राम ने पुरूस्कार प्राप्त किया।

## सार समाचार

### सांसद को सम्मेलन में शामिल होने न्यौता



**राजनांदगांव।** श्री कबीर साहेब मठ ट्रस्ट समिति कबीरमठ धाम धर्मनगर नादिया (खुज्जी) के पूज्य श्री सत्येंद्र साहेब ने गुरुवार को सांसद कार्यालय में सांसद संतोष पांडे से मुलाकात कर आगामी 10, 11 और 12 मार्च को नादिया में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने आमंत्रित किया। 10 से 12 मार्च तक आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारतीय सद्गुरू कबीर संत सम्मेलन, चौका आरती, सात्विक महायज्ञ व भंडारा फगुन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

### गांवों में गहराने लगा पेयजल संकट, बोर हुए बंद



**राजनांदगांव।** भीषण गर्मी की शुरूआत भी नहीं हुई है और गांव में पेयजल की समस्या सामने आने लगी है। जिले के ग्राम पंचायत भैंसातरा के आश्रित ग्राम जोगीदिल्ली से बड़ी संख्या में आज ग्रामीण कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर गांव में हो रही पेयजल समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया है। वहीं गांव में किए जा रहे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है। ग्राम जोगीदल्ली से सरपंच के साथ लगभग 100 की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से गांव में पेयजल संकट गहराने की जानकारी दी है। वहीं गांव की सरपंच अंजनी वर्मा ने बताया कि गांव में भू-जलस्तर नीचे जाने के चलते सरकारी बोर भी बंद हो गए हैं। जिससे पेयजल की समस्या हो रही है।

#### तालाब भी सूख रहे हैं

जोगीदल्ली और भैंसातरा क्षेत्र से पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि फरवरी माह से गांव में जल संकट हो गया है। गांव के बोर बंद होने के साथ ही निस्तारी तालाब भी सूख रहे हैं।

#### अतिक्रमण की शिकायत

कलेक्टर कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने गांव के कुछ लोगों द्वारा लगभग 5-6 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत भी की है। गांव में किए गए अतिक्रमण की भूमि बच्चों के खेल मैदान के लिए आरक्षित है, जहां अतिक्रमण कार्यों द्वारा अतिक्रमण किए जाने की शिकायत तहसील और थाना में भी की गई है।

### वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजन

# गरिमामयी कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सहित पार्षदगणों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के जनप्रतिनिधियों का आज शपथ ग्रहण समारोह विधिवत संपन्न हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमन डोंगरे सहित पार्षद शारदा यादव, देवेन्द्र साखरे, के. विनायक राव, डीएकेश राव, प्रीति समुंद्र, रतन कुमार कोसे, भूपेन्द्र मरकाम, राजेन्द्र सेन, जयकुमार अंबादे, मुकेश सहारे, उमा महेश वर्मा, दीपाली भंडारी, अमित छाबडा, शिवांगी साखरे, देवेश मनोज साहू, अनिश निर्मलकर, संजय श्रीवास्तव, डॉ. रेखा राघोर्ते, अमित जैन, हरिश मोटघरे, मैनका कंडरा, राहुल ठाकुर, सुमित ताम्रकार, बबीता साहू भाजपा-कांग्रेस व निर्दलीय पार्षदों को अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम ने विधिवत शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में हरविंदर सिंग मंगे, रमेश पटेल, मनोज अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, महेन्द्र भाई पटेल, जसमीत सिंह बन्नोआना, सुनील जैन चीकू, महेन्द्र अग्रवाल, शशिकांत द्विवेदी, प्रदीप बाघ, डॉ. पन्नालाल बाफना, तुलसी मिश्रा, संतुराव अन्ना, विजयराज चौहान, मधुसूदन अग्रवाल, कुलवंत कक्कड़, परविंदर सिंग मोन्टी, धनीराम तराने, सविता दरगढ़, ज्योति बडवाईक, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, श्यामु नरेडी, पप्पू नामदेव, प्रकाश बिंदल, प्रिंस कक्कड, बिरेन्द्र साहू, सरफराज खान, संगीता टेम्भुरकर, संतोष चोपड़ा, रामकुमार डड़सेना, कैलाश सोनवानी, विनित यादव, कमलेश काले, जैन कुमार मेश्राम, रिंकु बंसल, आकाश चोपड़ा, डॉ. राजेश राघोर्ते, गीता मानिकपुरी, कैलाश तिवारी, गिरिश साहू, अमन जनबंधु, मयंक डोंगरे, सावन टेम्भुरकर, बबिता मेहता, वत्सला श्रीवास्तव, असीम मलिक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



#### भाजपा नेताओं का ही हुआ सम्मान

शपथ ग्रहण समारोह में नगर पालिका में भाजपा के वर्चस्व के साथ ही सर्वाधिक संख्या भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओ की थी। जबकि कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों के साथ महज एक्का-दुक्का कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उक्त कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ समाजसेवी व शहरवासियों को भी बुलाया गया था, किन्तु कार्यक्रम में सम्मान महज भाजपा नेताओं का ही हुआ। जबकि न तो किसी कांग्रेसी का सम्मान किया गया और न ही किसी सामाजिक व्यक्ति का सम्मान हुआ, न उनसे सम्मान कराया गया। भाजपा के कई नेताओं को मंच के संबोधन से किया गया, नजर अंदाज भी चर्चा का विषय रहा।

#### पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

भाजपा पार्षदों के शपथ के आयोजन के पूर्व वरिष्ठ नेताओं ने माता बम्लेश्वरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मुख्य रूप से आयोजन में मंच सहित आयोजन स्थल में भाजपा का मजमा देखने को मिला। हालांकि कुछ कांग्रेसी नेताओं को भी मंच में स्थान दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री सौरभ कोठारी और पर्यवेक्षक लालचंद बाफना सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती एवं पूर्व विधायक विनोद खांडेकर की उपस्थिति में शपथ ग्रहण तो हुआ ही। साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार के साथ जनता के विश्वास को मजबूत करते प्राथमिकता के आधार पर शहर के हर वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर कार्यों की स्वीकृति एवं धर्मनगरी डोंगरगढ़ के शासन की योजना के अनुरूप अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का संकल्प भी लिया। शपथ ग्रहण समारोह अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं नगरवासियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई, किन्तु उक्त कार्यक्रम में शपथ ग्रहण के साथ ही कांग्रेसी खेमा आयोजन से दूरी बनाते वहां से निकल गए।

## समाज में महिलाओं की भागीदारी जरूरी है

**राजनांदगांव।** सर्किल कोसरिया यादव समाज अंडी के तत्वावधान में गत दिनों वार्षिक संगोष्ठी का भव्य आयोजन ग्राम अंडी में किया गया। जिला स्तरीय आयोजन में डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू द्वारा प्रदत्त विधायक निधि से नवनिर्मित यादव भवन का उद्घाटन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन व 3 जोड़ों का आदर्श विवाह भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेविका पद्मश्री फुलबासन यादव व अध्यक्षता जिला कोसरिया यादव समाज के अध्यक्ष कंसुराम यादव ने किया।

विशेष अतिथियों में केआर यादव, शीलराम यादव, राधे यादव, महेश यादव, फगुवाराम यादव, हरीश यादव, दुर्गाप्रसाद यादव, दिग्विजय यादव, महेश यादव, विनीता यादव, मदन यादव, मुलचंद यादव, कमलेश यादव, गोविंद यादव, बल्दूराम यादव आदि शामिल थे। इस अवसर पर पद्मश्री फुलबासन यादव ने कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना अनिवार्य है। समाज की नियमावली की जानकारी सभी को होनी चाहिए और अंधविश्वास से ऊपर उठकर सबको आगे आना होगा। युवक-युवती परिचय सम्मेलन और आदर्श विवाह को अपनाना आज की आवश्यकता है। महिलाओं को छोटे-छोटे स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। अध्यक्षता करते जिलाध्यक्ष कंसुराम यादव ने कहा कि इस बार के चुनाव में यादव समाज के जनप्रतिनिधि राजनीति के क्षेत्र में उभरकर सामने आए हैं। इन सबका विशेष सम्मान जिला कोसरिया यादव समाज द्वारा ''यादव गौरव सम्मान'' से किया जाएगा।

## ड्रोन दीदी शांति को अहिल्याबाई होलकर महिला पुरस्कार मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सशक्त महिला हस्ताक्षर ड्रोन दीदी शांति विश्वकर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रधानमंत्री संग्रहालय नई दिल्ली में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर महिला सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और स्वास्थ्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के करकमलों से प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि शांति विश्वकर्मा ने 800 एकड़ खेतों में ड्रोन के माध्यम से कीटनाशकों और उर्वरकों का छिड़काव कर



एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जहां पारंपरिक तरीके से यह कार्य श्रमसाध्य और समय लेने वाला होता। वहीं ड्रोन तकनीक से यह कार्य कम समय, कम लागत और अधिक प्रभावी ढंग से पूरा किया गया। उनकी इस पहल ने न केवल कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दिया है, बल्कि महिलाओं के तकनीकी क्षेत्र में सशक्तिकरण का भी उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## तीनों काल का हरण भागवत कथा कराती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री अग्रसेन भवन में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह के सप्तम दिवस की कथा का वर्णन करते व्यासपीठ पर विराजित पं. अर्पित भाई शर्मा ने कहा कि श्रीमद भागवत महापुराण अधिकार से आश्रय तक ले जाने वाली कथा है। यह परमब्रम्ह परमेश्वर से प्रेम कराती है।

नारद भक्ति सूत्र में दो प्रश्न है। प्रेम किसे कहते हैं, प्रेमी का स्वरूप क्या है। प्रेमी के लिए जो कार्य किए जाते है वह प्रेम है, जो कृष्ण प्रेम करा दे, यह ऐसी सहिंता हैं यह भक्ति सहिंता है। श्रीमद से तात्पर्य है कि श्री से युक्त अथार्त भक्ति से युक्त अथार्त राधारानी से युक्त से है, सत चेतना युक्त है, चित्त अथार्त चेतना से युक्त आनंद स्वरूप जीव व आत्मा के बीच परमानंद है। ब्रज में गोपियों से वियोग हुआ तब भी आनंद हैं,



कंस का वध किया तब भी आनंद में है। श्रीरामवतार व कृष्णावतार एक पुरूष और पुरूषोत्तम का अंतर स्वरूप है, जो बीत गया जो बीत गया उसके लिए शोक क्यों करना, वर्तमान काल में वर्तमान को सुधारना प्रभु भक्ति में लगाने से होगा। भूतकाल की बातों से चिंता होती है। श्रीमद भागवत महापुराण शोक, मोह एवं भय का हरण करने वाला ग्रंथ है। शोक भूतकाल की वस्तु से होता है, मोह वर्तमान से होता है तथा भय भविष्य से होता है। शोक और मोह वर्तमान की वस्तु से है। ये तीनों का हरण भागवत कथा कराती है। इसे दिव्य भागवत संहिता कहा गया है।

## निकाली जागरूकता रैली

**राजनांदगांव।** एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद के अंतर्गत संचालित सीआरसी ठाकुरटोला राजनांदगांव द्वारा गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय परिसर में सुगम्य यात्रा के लिए जागरूकता कार्यक्रम के तहत रैली एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह एवं सीआरसी की डायरेक्टर स्मिता महोबिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली में दिव्यांगजन, उनके माता-पिता, सीआरसी के छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने एवं बाधा रहित वातावरण तैयार करने के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, ताकि वे सशक्त होकर अपने जीवन को आत्मनिर्भरता से जी सके। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक भूषणलाल ठाकुर, सीआरसी के अधिकारी प्रशांत मेश्राम, चुनमुन मोहन्ती, पुनीत साहू एवं स्टाफ उपस्थित रहे।



## परिणय सूत्र में बंधे 46 जोड़े



**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा प्रदेश के नागरिकों के सशक्तिकरण एवं सभी वर्गों को समानता का अधिकार देने सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राजनांदगांव शहर के मोतीपुर स्थित श्री बालाजी लॉन में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 46 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव, कलेक्टर संजय अग्रवाल ने नवविवाहित दम्पत्तियों को आशीर्वाद दिया और सुखद दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। परंपराओं एवं रस्मों के साथ विधि-विधानपूर्वक विवाह खुशी एवं उल्लास के माहौल में संपन्न हुआ।

#### दंपत्तियों को प्रदान किया गया प्रमाण पत्र

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत राजनांदगांव शहर के 16 एवं राजनांदगांव ग्रामीण क्षेत्र के 30 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। जिसमें 45 जोड़ों का विवाह हिंदू रीति से और एक जोड़े का विवाह बौद्ध रीति से कराया गया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रति विवाह 50 हजार रुपए का प्रावधान है। जिसमें 35 हजार रूपए की राशि वधु के खाते में अंतरित की गई तथा 7 हजार रुपए की श्रृंगार सामग्री एवं उपहार वर-वधु को दिए गए। इस दौरान मोर संगवारी योजना अंतर्गत सभी नवविवाहित दम्पत्तियों को विवाह पंजीयन का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस त्वरित सुविधा के लिए दम्पत्तियों ने इस योजना की प्रशंसा करते शासन को धन्यवाद दिया।

## लाइन कर्मी ही विद्युत कंपनी के प्रमुख आधार स्तंभ

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव के क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन स्थित कल्याण केन्द्र में लाइनमेन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर लाइनकर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने लाइनकर्मियों को शुभकामनाएं देते सुरक्षा उपकरणों एवं उपायों के पालन सुनिश्चित करने के टिप्स दिए। उन्होंने लाइनमेन दिवस पर मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को फील्ड में कार्य करने के दौरान सुरक्षा उपायों को मूलमंत्र बनाकर सुरक्षित ढ़ंग से कार्य करने की शपथ दिलाई।

कार्यपालक निदेशक श्री सेलट ने कहा कि लाइन कर्मी ही विद्युत कंपनी के प्रमुख आधार स्तंभ एवं मेरुदंड हैं। गर्मी, बरसात एवं विषम परिस्थितियों में चौबीसों घंटे



सतत विद्युत प्रदाय को बनाए रखना ही विद्युत कर्मियों की प्राथमिकता है। कार्यस्थल पर दुर्घटना रहित कार्य को संपादित करना हमारा पहला लक्ष्य होना चाहिए। लाइन में कार्य करते समय कर्मियों को हमेशा अपनी सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। थोड़ी सी चूक या लापरवाही खतरनाक हो सकती है।

श्री सेलट ने कहा कि सुरक्षा का मूलमंत्र है कि एक सेफ्टी जोन बनाकर कार्य करें। विद्युत लाइनों पर कार्य करने के पूर्व विधिवत परमिट लेकर सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करते एबी स्वीच को ओपन कर लाइन को डिस्चार्ज कर लें और यह भी सुनिश्चित कर लें कि किसी अन्य उपकेन्द्र से इस लाइन पर विद्युत प्रदाय तो नहीं किया जा रहा है, यदि ऐसा है तो उसे दूसरे छोर से भी नो बैकफीड परमिट अवश्य लें तथा लाइन को बंद कराएं। मोबाइल के माध्यम से कदापि परमिट ना लें। उन्होंने तकनीकी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों एवं उपायों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के उच्चाधिकारियों द्वारा सुरक्षा उपायों को लेकर लाइन कर्मियों को सतत विद्युत व्यवस्था के मद्देनजर अपने-अपने फील्ड में सुरक्षित ढंग से कार्य करने के टिप्स दिए गए।

## विक्रम का अभा स्पर्धा में चयन



**राजनांदगांव।** श्री शंकराचार्य युनिवर्सिटी ऑफ संस्कृत केरला में आगामी 7 से 9 तक ऑल इंडिया इंटर युनिवर्सिटी बेस्ट फिजिक्स (पुरूष) बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त स्पर्धा में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा चयनित 6 बेस्ट फिजिक्स के खिलाड़ियों का दल का हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह सभी खिलाड़ी राजनांदगांव, भिलाई, दुर्ग के हैं। कल 5 मार्च को सभी खिलाड़ी केरल के लिए रवाना हुए।

ज्ञात हो कि विगत 8 व 9 नवंबर 2024 को सेठ आरसीएस कॉलेज दुर्ग के तत्वावधान में आयोजित इंटर कॉलेज टूर्नामेंट जिसमें पावर लिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग एवं 'मेन फिजिक्स' के स्पर्धा में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उक्त खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिसमें स्थानीय एक्सपर्ट जिम के ट्रेनर के रूप में कार्यरत विक्रम का भी चयन किया गया है।

प्रथम बार विक्रम के ऑल इंडिया इंटर युनिवर्सिटी मेन फिजिक्स बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा के लिए चयन होने पर एक्सपर्ट जिम समिति के संरक्षकगण नरेश डाकलिया, मधुसूदन यादव, जितेन्द्र मुदलियार, मनीष सिंह गौतम, अमित आजमानी, तामेश्वर बंजारे, नागेश यदु, अंजु बंजारे, डॉ. रोहन सोनकर, अजय देशलहरे, खिलेश्वर बंजारे, पोषण दास, जयकिशन शर्मा, शैलेन्द्र सिंह बंधे, हेमेन्द्र सिरमौर, उपेन्द्र कुमार, महेन्द्र यदु, पिंटू साहू, प्रतिमा बंजारे, एकता बंजारे, सुभाष हरिहारनो, तानिया बंजारे, डॉ. आरबी सोनकर, मनोज शर्मा आदि ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी एक्सपर्ट जिम के सचिव गोपेन्द्र बंजारे ने दी।

## पृष्ठ 9 का शेष

### डोंगरगढ़ में लूट....

पिता लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने रात लगभग 11.30 बजे डोंगरगढ़ थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मारूती कैरी माल वाहक क्रमांक सीजी-08-एएल-8425 में हमारे कर्मचारी धनराज सिन्हा डोंगरगढ़ के पास लायचीदाना प्रसाद छोड़ने आए थे। व्यापारी द्वारा उन्हें माल का पैसा नगद 1,01000 रुपए दिया, तभी प्रज्ञागिरी रोड हनुमान मंदिर के सामने डोंगरगढ़ के पास 4 अज्ञात व्यक्ति कार में आकर ओवरटेक कर गाड़ी को रोककर चाकू दिखाए और गाड़ी को तोडफोड़, मारपीटकर 1 लाख 1 हजार रुपए से भरा बैग एवं मोबाइल फोन लूटकर भाग गए। मामले की रिपोर्ट के बाद डोंगरगढ़ पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं इस मामले को लेकर डोंगरगढ़ टीआई जितेंद्र वर्मा द्वारा अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। वहीं उन्होंने बताया कि मामला संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को दृष्टिगत रखते अपनी जांच कर रही है।









## बजट में कबीरधाम जले के 8 प्रमुख विभागों के अंतर्गत 89 निर्माण कार्यों की स्वीकृति

# सीएम के बजट में जिले को मिली बड़ी सौगात निर्माण कार्यों से जिले की बदलेगी तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत छत्तीसगढ़ के पहले हस्तलिखित बजट में कबीरधाम जिले के समग्र विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट में जिले के विकास के लिए कई अहम घोषणाएं की गई हैं। इस बजट से जिले को आर्थिक मजबूती मिलने के साथ-साथ आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, विधि और परिवहन क्षेत्र में नए निर्माण कार्यों को बढ़ावा मिलेगा।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, आम नागरिकों की सुविधा और जिले के समुचित विकास करने विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए अनुरोध किया था। श्री शर्मा के विशेष प्रयासों से वर्ष 2025-26 के लिए जिले के चौमुखी विकास हेतु 100 करोड़ से अधिक राशि का प्रावधान किया गया है।

इस राशि से 8 प्रमुख विभागों के अंतर्गत 89 निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई है। इसमें सिंचाई, परिवहन, स्वास्थ्य, नगरीय विकास, ग्रामीण विकास, वनांचल क्षेत्र का विकास, सड़क, पुल-पुलिया निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और अस्पतालों का निर्माण शामिल है। जिले के किसानों और आम जनता ने इस बजट प्रावधान पर हर्ष जताया है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया।

### जिले में 89 कार्यों पर होगा 100 करोड़ से अधिक राशि का निवेश



बजट में कबीरधाम जिले के चौतरफा विकास के लिए 100 करोड़ से अधिक राशि का प्रावधान कर 8 प्रमुख विभागों के अंतर्गत 89 कार्यों को मंजूरी दी गई है। इनमें सड़क, पुल-पुलिया, सिंचाई, परिवहन, स्वास्थ्य, नगरीय ग्रामीण विकास और अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं। इसके तहत लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 70 कार्य के लिए 73 करोड़ 33 लाख 02 हजार रूपए, नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत 01 कार्य के लिए 02 करोड़ 60 लाख रूपए, जल संसाधान विभाग के अंतर्गत 08 कार्यों के लिए 09 करोड़ 15 लाख रूपए, परिवहन विभाग, वाणिज्य कर विभाग के एक-एक कार्य, विधि विभाग के अंतर्गत 01 कार्य के लिए 03 करोड़ 23 लाख 45 हजार रूपए, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत 01 कार्य के लिए 11 लाख रूपए, स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 04 कार्य के लिए 09 करोड़ 50 लाख रूपए से अधिक, पंचायत विभाग के अंतर्गत 02 कार्य के लिए 01करोड़ 79 लाख 50 हजार रूपए से अधिक के कार्य शामिल है।

#### जिले के लिए विकास की नई इबारतः विजय शर्मा



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि इस बजट से कबीरधाम जिले का सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य बदलेगी। स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचना और परिवहन क्षेत्र में किए गए ये निवेश आने वाले वर्षों में जिले के विकास को नई गति देंगे। विष्णुदेव साय सरकार की यह पहल कबीरधाम को एक आदर्श जिले के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगी। सरकार की यह पहल किसानों की समृद्धि और जिले के सतत विकास में एक नई दिशा प्रदान करेगी। यह बजट जिले के सर्वांगीण विकास को गति देने में मील का पत्थर साबित होगा।

#### स्थानीय जनता को होगा सीधा लाभः संतोष पाण्डेय



राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने बताया कि इस बजट से कबीरधाम जिले के नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। बेहतर सड़कें, उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं, सिंचाई संसाधनों में वृद्धि और नगरीय विकास की योजनाएं जिले के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। सरकार की यह पहल जिले को प्रगति के नए पथ पर ले जाएगी और यहाँ के नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करेगी।

#### कनेक्टिविटी, बुनियादी ढांचे को मिलेगी मजबूतीः भावना बोहरा



बजट में सड़क और पुल-पुलिया निर्माण सहित समग्र विकास को भी प्राथमिकता दी गई है। जिले के दुर्गम क्षेत्रों को बेहतर सड़क नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, जिससे परिवहन सुविधाएं सुगम होंगी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही सिंचाई योजनाओं के माध्यम से किसानों की जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। जिससे कृषि उत्पादन को नई दिशा मिलेगी। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट कबीरधाम जिले के विकास के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है। आने वाले वर्षों में इन परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और आमजन को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिलेगा।



# शॉर्ट सर्किट से पैरावट मे लगी भीषण आग

- शासन प्रशासन से की गई मुआवजा की मांग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

बुधवार को विकासखंड पंडरिया के ग्राम भगतपुर निवासी रामाधार चंद्रवंशी, बलराम चंद्रवंशी के कोठार में रखे पैरावट में अचानक बिजली तार शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। जिससे ग्रामीण के12 ट्रैक्टर-ट्रॉली पैरावट जलकर राख हो गया। जिससे ग्रामीण किसान को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। बुधवार शाम को अचानक ग्रामीण किसान रामाधार व बलराम चंद्रवंशी के कोठार में रखे पैरावट में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। वही पैरावट में लगी आग को कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों द्वारा काबू पाया गया जब तक आग ने पूरे पैरावट को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार इस भीषण आगजनी की घटना की जानकारी पाण्डातराई पुलिस थाना को दिया गया, जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचती तब तक पूरी तरह से पैरावट खाक हो गया था। वहीं किसानों को भारी नुकसान हुआ है, जिस पर ग्रामीण किसान ने शासन प्रशासन से मुआवजा की मांग की गई।



# कान्हा-भैरा में रक्तदान शिविर का आयोजन

- युवाओं ने बढ़ चढ़कर किया रक्तदान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मंगलवार को जिले के ग्राम कान्हा-भैरा में स्व. धर्मेंद्र चंद्रवंशी के जन्म दिवस के अवसर पर भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास क्षेत्र के 30 से अधिक युवाओं ने बढ़ चढ़कर उत्साह पूर्वक रक्तदान शिविर में हिस्सा लिए। कान्हा भैरा में भव्य रक्तदान शिविर दो वर्षों से निरंतर किया जा रहा है, जिससे गांव के युवाओं में रक्तदान के प्रति-जागरूकता बढ़ी है। इस दौरान युवाओं ने रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में भोरमदेव ब्लड बैंक कवर्धा के माध्यम से शिविर लगाया गया। जिसमें रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिसमें रक्तदाता जितेंद्र, अरविंद, रूपेश, महेंद्र, भूपेंद्र, नारायण, अंकिता, दामिनी, मनोज, राहुल, पुक्कू, दिलीप चंद्रवंशी सहित युवाओं ने रक्तदान कर रक्तदान के लिए जन जागरूक किया।

## पूर्व सरपंच श्रीमती बुधन ध्रुव को श्रीफल व साड़ी भेटकर दी गई विदाई



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पंचायत भगतपुर-धनेली के निर्वाचित सरपंच कपिल चंद्राकर द्वारा पूर्व सरपंच श्रीमती बुधन बाई ध्रुव को श्रीफल एवं साड़ी भेटकर भावभीनी विदाई दी गई। श्रीमती बुधन बाई ध्रुव ग्राम पंचायत भगतपुर-धनेली में सरपंच पद पर पांच वर्ष तक ग्राम की विकास कार्य एवं सरल, सहज व मिलनसार होने पर नव-निर्वाचित सरपंच कपिल चंद्राकर द्वारा श्रीफल तथा साड़ी सप्रेम भेंटकर भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान सरपंच कपिल चंद्राकर, सुरेश चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, निरंजन साहू, सचिव उत्तरा कुरे, रोजगार सहायक प्रमोद बांधेकर एवं ग्रामवासी घनश्याम चंद्रवंशी, रामप्रसाद चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, झाला यादव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# पीआईटीएनडीपीएस एक्ट के तहत नशीली दवाओं के तस्कर पर सख्त कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस मुख्यालय एवं पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा आरोपी सुद्दीन पिता शब्बीर खान निवासी बीचपारा कवर्धा को पीआईटीएनडीपीसी एक्ट 1988 के तहत 6 माह के लिए जेल भेजा गया। दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर द्वारा पारित किया गया, जिसके तहत गया सुद्दीन को नशीली दवाओं की तस्करी में बार-बार संलिप्त पाए जाने के कारण 6 माह तक जेल में रखने का आदेश दिया गया है।

पीआईटीएनडीपीसी एक्ट के तहत भारत में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए एनडीपीसी अधिनियम 1985 लागू किया गया था, लेकिन कुछ अपराधी बार-बार इस अवैध व्यापार में लिप्त हो जाते थे और कानूनी प्रक्रिया से बच निकलते थे। इसी को रोकने के लिए 1988 में पीआईटीएनडीपीसी अधिनियम लागू किया गया।

इस अधिनियम के तहत ऐसे अपराधियों को अधिकतम 1 वर्ष तक बिना नियमित मुकदमे के जेल में रखा जा सकता है, ताकि वे समाज में नशीली दवाओं का कारोबार न कर सकें और नशे की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। उक्त कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल की प्रमुख भूमिका रही, जिन्होंने पूरी कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए, जिसके आधार पर आरोपी को 6 माह के लिए जेल भेजने का आदेश पारित किया गया। कबीरधाम पुलिस नशे के अवैध व्यापार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। एनडीपीएस और पीआईटीएनडीपीएस जैसे कठोर कानूनों का प्रभावी उपयोग कर अपराधियों को जेल भेजने और उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

## देखरेख के अभाव में गोदाम भवन जर्जर एवं बदहाल

**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्राम पंचायत सिंघनपुरी स्थित गोदाम भवन देखरेख के अभाव मे जर्जर व बदहाल है। ग्रामीणों ने बताया कि सामाजिक भवन मे गोदाम भवन संचालित किया जा रहा है जिस पर रहवासियों ने जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियो को इस ओर ध्यान देने तथा गोदाम भवन नव निर्माण की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को गोदाम भवन का लाभ मिल सके। आईएपी योजना अंतर्गत सरकारी उचित मूल्य की दुकान तथा गोदाम का निर्माण के लिए 5 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी, जो 2011-12 में नवनिर्माण किया गया। लेकिन देखरेख के अभाव में गोदाम भवन क्षतिग्रस्त व पूरी तरह जर्जर एवं जगह-जगह दरार पड़ चुके हैं।



## भावना बोहरा ने महत्वपूर्ण सुझाव भी विधानसभा पटल पर रखा

# गन्ना किसानों के हित व शक्कर कारखाना पंडरिया के सुचारू रूप से संचालन के संबंध में विधायक ने विधानसभा में किया ध्यानाकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विधानसभा में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया के सुचारू रूप से संचालन और किसानों को कारखाने में गन्ना बेचने हेतु प्रोत्साहित करने के विषय में विस्तृत चर्चा की और सदन का ध्यानाकर्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी विधानसभा पटल पर रखा। उन्होंने विधानसभा अंतर्गत नल जल-स्थल जल योजना, पेयजल व्यवस्था हेतु हैण्ड पम्प खनन, असंगठित कर्मकारों को प्रशिक्षण देने और सामुदायिक विकास योजना अंतर्गत माध्यम उद्योगों को आवंटित राशि के संबंध में भी प्रश्न किया।

इस दौरान लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया के संबंध में ध्यानाकर्षण करते हुए भावना बोहरा ने कहा की पंडरिया विधानसभा अंतर्गत स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया वर्तमान परिस्थिति में अपनी पूर्ण क्षमता से कार्य नहीं कर पा रहा है। इस कारखाने के माध्यम से क्षेत्र के हजारों किसान परिवारों का जीवन जुड़ा हुआ है, जिसकी वजह से यह अत्यंत आवश्यक है कि शक्कर कारखाने के सुचारू रूप से संचालन एवं किसानों से अधिक से अधिक मात्रा में गन्ना की खरीदी करने के लिए प्रयास करना बहुत ही जरुरी है। वहीं पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय में ऋण भुगतान की किस्त की अदायगी नहीं दिए जाने के कारण आज पर्यन्त तक भुगतान करना पड़ रहा है, जिससे कारखाने पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। सहकारी विकास निगम नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छग) एनसीडीसी द्वारा 81.00 करोड़ रूपए का ऋण 11.45 प्रतिशत ब्याज दर पर दिया गया था। जिसके एवज में कारखाने द्वारा अब तक 121.47 करोड़ रूपए ब्याज सहित भुगतान किया जा चुका है एवं बकाया मूलधन ऋण राशि 17 करोड़ रूपए है। पूर्व की कांग्रेस शासन में इस राशि की किश्त जमा नहीं करने की वजह से इसमें अर्थदंड भी बढ़ा है। पेराई सत्र 2024-25 के लिए क्रय किए गए गन्ने की राशि का भुगतान भी शेष है। ऐसे स्थिति में कारखाने द्वारा शेष मूलधन ऋण राशि 17 करोड़ रूपए का पूर्ण भुगतान निर्धारित अवधि में किया जाना संभव नहीं हो पाएगा। यदि शक्कर कारखाने की स्थापना हेतु लिए गए ऋण एवं ब्याज में रियायत मिलती है तो इसका संचालन सुचारू रूप से हो सकता है। इसमें दूसरा मुख्य कारण है कि विगत वर्षों में किसानों से कम मात्रा में गन्ने की खरीदी हुई है।

शासन द्वारा किसानों को 350 रूपए प्रति क्विंटल की दर से गन्ने की खरीदी की जाती है एवं भुगतान में देरी होती है, जिसकी वजह से किसान कारखाने में गन्ना कम मात्रा में बेच रहें हैं। जबकि क्षेत्र के आस-पास के जगरी-गुड़ के प्लांट द्वारा किसानों को 400 से 450 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जा रही है और उन्हें अग्रिम रूप से भुगतान किया जाता है, जिस वजह से किसान कारखाने की जगह स्थानीय फैक्ट्रियों में अपनी फसल बेचने के लिए बाध्य हो रहें हैं। क्षेत्र के किसानों को कम दर पर भुगतान एवं राशि के भुगतान की समय सीमा अधिक होने के कारण उनका रुझान निजी गुड़ प्लांट की ओर अधिक हो रहा है।

भावना बोहरा ने चर्चा करते हुए सुझाव दिए कि शेष 17 करोड़ रुपए ऋण की राशि जो लगातार बढ़ रही है उसके लिए कारखाना इस माह पूर्ण बकाया राशि का भुगतान करने के लिए बाध्य है और वर्तमान में ऋण की राशि का ब्याज दर 11.45 प्रतिशत है। इसके लिए कारखाने द्वारा राज्य कृषि विपणन बोर्ड को 20 करोड़ रुपए की ऋण राशि हेतु समय समय पर पत्र लिखा गया है यदि यह राशि उपलब्ध होती है तो कारखाने द्वारा पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लिए गए ऋण का भुगतान सुचारू रूप से किया जा सकेगा वहीं राज्य कृषि विपणन द्वारा दिए गए ऋण पर ब्याज दर भी कम लगेगा साथ ही तय समय अवधि पर ऋण का भुगतान हो जाएगा और कारखाने के लिए संचालन की राशि भी उपलब्ध होगी।

### विधायक ने सदन के समक्ष रखी प्रमुख मांगे

विधायक भावना बोहरा ने शक्कर कारखाने के सुचारू रूप से संचालन और किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा कि वर्तमान में जो गन्ना खरीदी की दर है उसे बढ़ाया जाए जिससे किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा और अधिक गन्ने की खरीदी होने से प्लांट की पूर्ण क्षमता का उपयोग हो सकता है। किसानों को समय पर मूल राशि, रिकवरी दर की एवं बोनस का भुगतान सुनिश्चित करने से किसानों का रुझान बढ़ेगा। मुलासिस की बिक्री हेतु ओपन मार्केट में अनुमति दी जाए, जिससे हर वर्ष कारखाने को 4 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय होगी। प्लांट के बकाया ऋण को माफ किया जाए और ब्याज दर जो वर्तमान में 11.45 प्रतिशत है उसको कम किया जाए एवं भुगतान के लिए अतिरिक्त कार्यशील पूंजी शासन द्वारा उपलब्ध किया जाए। पंडरिया में गन्ना अनुसंधान केंद्र की स्थापना हो जिससे नए किस्में तैयार कर गन्ने की रिकवरी को बढ़ाया जा सके।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071




HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बैरख स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन

**कवर्धा।** शासकीय माध्यमिक स्कूल बैरख प्रांगण में गुरूवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत मां सरस्वती जी की छायाचित्र में पूजा अर्चना, माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। उसके पश्चात संकुल प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने बताया की प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कक्षा छठवी एवं सातवी के छात्रों द्वारा कक्षा आठवी के छात्रों को विदाई दी गई। जिसमें मनोरंजक कार्यक्रम के साथ बच्चों ने अपने अनुभव बांटे एवं शिक्षक गण बच्चों को परीक्षा की बारीकियों एवं गंभीरता के साथ तनाव मुक्त हो कर परीक्षा देने कहा गया। विदाई समारोह में छात्रों एवं शिक्षक गणों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष फागूराम धुर्वे, सरपंच सुधारी मसराम, प्राचार्य सोहन कुमार यादव, व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर, संकुल समन्वयक तीजराम विश्वकर्मा, शिक्षिका चमेश रावटे, प्रधान पाठिका श्रीमती आरती झारिया, विजय देवांगन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में शिक्षक एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

### कर्मियों को अप्रैल से मिलेगा बढ़ा हुआ वेतन

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य शासन के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा दिया है। वित्त विभाग ने आज महंगाई भत्ते के पुनरीक्षित दर के लिए आदेश जारी कर दिया है। विभाग ने सभी विभागाध्यक्ष को पत्र लिखकर महंगाई दर 1 मार्च से लागू करने आदेश जारी किया है। बता दें, 3 मार्च को वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ के बजट में इसकी घोषणा की थी, जिसका आदेश आज जारी किया गया है। वित्त विभाग ने छठवें वेतनमान में 1 मार्च 2025 से 7 प्रतिशत की वृद्धि की है। वहीं सातवें वेतनमान में 1 मार्च 2025 से महंगाई भत्ता 3 प्रतिशत की वृद्धि की है। इस वृद्धि के बाद प्रदेश में सातवें वेतन मान का महंगाई भत्ता 53 प्रतिशत पहुंच गया है। जबकि छटवें वेतन मान में महंगाई भत्ता 246 प्रतिशत पहुंच गया है।

### 23 मार्च से राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान

**कवर्धा।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान 23 मार्च से शुरू होने जा रहा है। परीक्षा से जुड़े अधिकारियों को परीक्षा संचालन, मूल्यांकन व परीक्षा केंद्रों तक प्रश्न पत्रों को सुरक्षित पहुंचाने निर्देश दिए गए है। संकुल प्राचार्यों और समन्वयकों को परीक्षा केंद्रों पर समन्वय, उत्तर पुस्तिकाओं की जांच और डाटा एंट्री में सहयोग करने का कार्य सौंपा गया है।

### होली पर 14 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में होली पर्व के अवसर पर 14 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले में संचालित सभी देशी मदिरा दुकानें, विदेशी मदिरा दुकानें, मद्य भण्डागार पूर्णतः बंद रहेगा।

**सड़क दुर्घटना:** कवर्धा कोतवाली अंतर्गत नेशनल हाईवे में ग्राम हरिनछपरा के पास हादसा

# तेज रफ्तार स्कार्पियो वाहन पलटी, 1 की मौत, 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा कोतवाली क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में एक बार फिर भीषण सड़क हादसा सामने आया है। इस सड़क हादसे में जहां कार सवार एक ग्रामीण की ईलाज के दौरान मौत हो गई वहीं 3 अन्य ग्रामीण घायल बताए जा रहे हैं। जिन्हें घटना के बाद जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात कवर्धा कोतवाली क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे से होते हुए ग्राम छांटा-मड़मड़ा के निवासी कुछ ग्रामीण अपनी स्कार्पियो वाहन में सवार होकर कवर्धा होते हुए वापस अपने गांव जा रहे थे। बताया जाता है इसी दौरान रात करीब डेढ़ बजे के आसपास ग्रामीणों की तेज रफ्तार स्कार्पियो वाहन अनियंत्रित होकर ग्राम हरिनछपरा के पास स्थित इंडस्ट्रीयल एरिया के पास सड़क किनारे खेत में पलट गई। इस घटना में वाहन सवार चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद इसकी सूचना तत्काल डॉयल 112 को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डॉयल 112 की टीम ने जैसे तैसे सभी घायलों को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला और उन्हें जिला चिकित्सालय पहुंचाया। लेकिन ईलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल जल्लू चन्द्रवंशी पिता बंशी चन्द्रवंशी आयु 40 वर्ष निवासी ग्राम छांटा की मौत हो गई। जिस पर अस्पताल प्रशासन की सूचना पर कवर्धा कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। वहीं तीन अन्य घायलों का ईलाज किया जा रहा है।



**दुर्घटना के बाद वाहन में ही फंस कर रह गए**

बताया जाता है कि तेज रफ्तार स्कार्पियो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में कुछ इस स्थिति में पलटी की वह अपने वजन से दब गई। जिसके चलते वाहन सवार घायल वाहन में ही फंसकर रह गए। बाद में जैसे तैसे इन घायलों को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला गया और जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। लेकिन वाहन की तेज रफ्तार और वाहन के पलटने से वाहन सवार जल्लू चन्द्रवंशी को गंभीर चोट आने के कारण उसकी ईलाज के दौरान मौत हो गई।

# 6 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन




- जिले के सभी सात तहसील कार्यालयों में सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले में संचालित भारतीय किसान संघ की सभी सातों तहसील ईकाईयों के पदाधिकारियों ने बीते बुधवार को भारतीय किसान संघ के प्रांतीय आव्हान पर किसानो से जुड़ी विभिन्न मांगो को लेकर जिले के सभी सातों तहसील कार्यालयों में प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने अपनी आवाज बुलंद की।

इस संबंध में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी ने बताया कि भारतीय किसान संघ की तहसील ईकाईयों द्वारा मुख्य रूप से केन्द्र सरकार द्वारा धान के समर्थन मूल्य में की गई 117 रूपए प्रति क्विंटल की वृद्धि के भुगतान, धान खरीदी वर्ष 2022-23 की शेष राशि चौथी किस्त का भुगतान राज्य शासन द्वारा किए जाने, दलहन व तिलहन फसलों की समर्थन मूल्य में खरीदी किए जाने की व्यवस्था किए जाने, पूरे प्रदेश में कृषि पंपों के बिजली के बिल में छूट हेतु एक रूपता लाने व ऐसे अधिकारी जो किसानों पर दबाव बनाकर अधिक बिजली बिल वसूल रहे हैं उन पर सख्त कार्रवाई किए जाने, गौ वंदन योजना को राज्य शासन द्वारा जल्द से जल्द लागू किए जाने तथा धान की तरह ही अन्य सभी फसलों में 20000 प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी दिए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

जिलाध्यक्ष चन्द्रवंशी ने बताया कि किसानो से जुड़ी इन तमाम मांगों को लेकर पूर्व में भी प्रदेश की भाजपा सरकार को ज्ञापन सौंपा जा चुका है लेकिन इन पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे किसानो में भारी असंतोष दिखाई दे रहा है। संघ ने शासन से इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने कहा है।

# पवन जायसवाल चुने गए नपा कवर्धा के उपाध्यक्ष

## भाजपा प्रत्याशी को 21 तो कांग्रेस प्रत्याशी को मिले 6 वोट



- भाजपा खेमे में एक बार फिर जश्न और खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा में गुरूवार को उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी पवन जायसवाल ने चुनाव जीत लिया है उन्हें कुल 27 मतों में से 19 मत प्राप्त हुए हैं। वहीं विपक्षी दल कांग्रेस के उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार धर्मेन्द्र तिवारी को कुल 6 मत प्राप्त हुए हैं जबकि एक पार्षद किसी कारणवश मतदान प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाए।

नगरीय निकाय चुनाव में कवर्धा नगर पालिका के अध्यक्ष पद और 27 में से 19 वार्डो में शानदार जीत करने के बाद अब भाजपा द्वारा नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष पद में भी शानदार जीत दर्ज करने के बाद भारी खुशी देखी जा रही है। उपाध्यक्ष पद के लिए अनुभवी और युवा पार्षद पवन जायसवाल के चुने जाने पर जहां भाजपा खेमे में उत्साह देखा जा रहा है वहीं पवन जायसवाल के समर्थकों में भी भारी खुशी देखने को मिल रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका कवर्धा में उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पवन जायसवाल ने 21-6 के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी को पराजित कर उपाध्यक्ष पद हासिल किया। यहां बताना लाजिमी होगा कि नगर पालिका में कुल 28 मतदाता थे, जिनमें 27 पार्षद और अध्यक्ष शामिल थे।

हालांकि, निर्दलीय पार्षद राजू पाण्डेय मतदान में शामिल नहीं हो सके, जिसके कारण कुल 27 मत पड़े। परिणाम में भाजपा को 21 और कांग्रेस को 6 मत प्राप्त हुए। वर्तमान में नगर पालिका में भाजपा के 19 पार्षद हैं, कांग्रेस के 5 और 3 निर्दलीय पार्षद चुनकर आए हैं। इसके अलावा, नगर पालिका अध्यक्ष भी भाजपा से हैं, जिनका मत भाजपा प्रत्याशी को मिला।

नतीजों से स्पष्ट है कि भाजपा को अपने 19 पार्षदों और अध्यक्ष के अलावा 1 निर्दलीय पार्षद का समर्थन भी मिला है वहीं 1 निर्दलीय पार्षद ने कांग्रेस को वोट दिया। भाजपा प्रत्याशी पवन जायसवाल की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और ढोल-नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मनाया।

माना जा रहा है कि इस चुनाव परिणाम के साथ नगर पालिका कवर्धा में भाजपा की स्थिति और मजबूत हो गई है।

# एसोसिएशन की मांग पर 383 शिक्षकों को अनुमति पत्र जारी, बीईओ एवं डीडीओ प्राचार्य को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल का डीईओ से हुए चर्चा के तत्काल बाद जिले के 383 सहायक शिक्षकों एवं प्राथमिक प्रधान पाठकों की विगत आठ माह से लंबित उच्च परीक्षा के लिए अनुमति व अनापत्ति पत्र जारी कर दिया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि जिले में यह पहला अवसर है जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से एक ही आदेश में 383 शिक्षकों को उच्च परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दिया गया है। इसके साथ ही एसोसिएशन की मांग पर जिला शिक्षा अधिकारी ने 5 मार्च को समस्त बीईओ व डीडीओ प्राचार्य के नाम तीन अलग-अलग पत्र जारी कर शिक्षकों के स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए तीन दिनों के भीतर कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन देने तथा कृत कार्यवाही से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष को भी अवगत कराने का निर्देश दिया है। इस पत्र में शिक्षकों की सेवापुस्तिका में डीडीओ का हस्ताक्षर, जीपीएफ कटौती के लिए पासबुक संधारण, मिडिल प्रधान पाठकों की जीआईएस कटौती 360 रुपये, पदोन्नत प्रधान पाठकों के 2022 का लंबित राशि, राजर्षि पाण्डे को राज्यपाल पुरस्कार के लिए इंक्रीमेंट, शिक्षक उमेश चन्द्रवंशी के चार माह का लंबित वेतन, पुरानी पेंशन योजना के तहत परिवार पेंशन, व्याख्याता डॉ. संतोष चन्द्रवंशी के पीएचडी के इंक्रीमेंट का एरियर्स राशि, सेवापुस्तिका का सत्यापन सहित अन्य मुद्दे शामिल है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, बलदाऊ चन्द्राकर आदि पदाधिकारियों ने शिक्षकों के समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही के लिए जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू सहित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया है।




### गन्ना उत्पादन बढ़ाने संगोष्ठी आयोजित



**कवर्धा।** भारतीय किसान संघ के द्वारा गत 5 मार्च को बोड़ला व पिपरिया मंडी प्रांगण में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के पदाधिकारियों की उपस्थित में एक दिवसीय गन्ना संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य गन्ना के उत्पादन बढ़ाने के लिए नवीन तकनीक अपनाने पर जोर देना था। इस अवसर पर कारखाना के एमडी गौरीशंकर शर्मा ने बताया कि गन्ना की खेती से किसानों को आर्थिक रूप से अधिक लाभ मिल सके, उसे आत्मनिर्भर व सक्षम बनाया जाए व आय में वृद्धि हो इसके लिए किसानों को नवीन तकनीकी अपनाने के साथ-साथ गन्ना के एक खेती करने से हर 3 वर्ष एक बार गहरी जुताई करनी चाहिए। इसके अलावा गन्ना से गन्ना लगाने की दूरी न्यूनतम दूरी 4 फीट होना चाहिए, बीज का बदलाव सही समय पर, खाद व उर्वरक की संतुलित मात्रा में प्रयोग करने की सलाह दिया गया। उन्होने गन्ना फसल लगाने के पहले मिट्टी की जांच अनिवार्य रूप से कराए जाने की सलाह दी ताकि इस बात का पता लगाया जा सके कि मिट्टी में किस पोषक तत्वों की कमी है। मिट्टी की जांच के लिए गन्ना के फील्ड अधिकारी से संपर्क कर किसान मिट्टी की जांच अवश्य करवा लें। किसानों को संगोष्ठी के माध्यम से कीटनाशक के छिड़काव, फसल में बीमारियों के बचाव के तरीकों को बताया गया। इस कार्यक्रम में कारखाना के जीएम अंकित मरकाम, केके यादव गन्ना विकास अधिकारी व सभी गन्ना की फील्ड ऑफिसर व भारतीय किसान संघ के प्रदेश मंत्री ठाकुर कुणाल सिंह, जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, भारतीय किसान संघ के संरक्षक दानेश्वर परिहार, महामंत्री जीवन यादव सहित सभी तहसील के भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

### उड़नदस्ता दल ने केन्द्रों में दी दबिस



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 के तहत कक्षा बारहवीं के वाणिज्य संकाय के व्यवसाय अध्ययन, कृषि संकाय के कृषि के तत्व और गणित विषय की परीक्षा के निरीक्षण हेतु कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी उड़नदस्ता दल क्रमांक 02 द्वारा सहायक संचालक यूआर चन्द्राकर और दल के अन्य सदस्यों, सतीश यदु (एमआईएस प्रशासक) एवं व्याख्याता भगवती हठीले द्वारा बोड़ला विकासखंड के परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महराजपुर और स.लोहारा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोछिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय. बाजार चारभाठा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विरेन्द्रनगर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रणवीरपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि परीक्षा सुचारू रूप से, सुव्यवस्थित और शांतिपूर्वक संचालित हो रही थी। परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त पेयजल, प्रकाश, प्रसाधन व पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था थी। परीक्षा कक्षों में पर्यवेक्षकों ने सूचना पंजी में अपना कार्य सही ढंग से दर्ज किया और निर्देश दिए गए कि परीक्षा दिवस को संचालित परीक्षा पर्चे से संबंधित विषय-शिक्षक से पर्यवेक्षण कार्य न लिया जाए, और पर्यवेक्षक के विषय/संकाय को अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार के अनुचित साधन के उपयोग करने वाले परीक्षार्थियों का कोई मामला सामने नहीं आया। केन्द्रों में ग्लूकोज और प्राथमिक उपचार सामग्रियों की उपलब्धता के लिए सुझाव दिया गया। साथ ही, यह सुनिश्चित किया गया कि बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी प्रपत्रों और पंजियों का समुचित संधारण किया जा रहा है।

**आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग पद्धति से रोगियों को मिला परामर्श व निःशुल्क औषधियां**

# आयुष चिकित्सा शिविर में 629 मरीजों को मिला स्वास्थ्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

स्वस्थ जीवनशैली और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कवर्धा स्थित शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक में एक दिवसीय जिला स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग विज्ञान के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 629 मरीजों का उपचार किया और उन्हें निःशुल्क औषधियां उपलब्ध कराई गईं। शिविर प्रभारी डॉ. कमलेश कुमार वर्मा ने बताया कि शिविर में 352 मरीजों को आयुर्वेदिक पद्धति से, 155 मरीजों को होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से तथा 122 लाभार्थियों को योग और प्राणायाम के माध्यम से उपचार दिया गया। इसके अलावा, 52 मरीजों का रक्त शर्करा परीक्षण और 44 मरीजों का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया। शिविर में वात-व्याधि, चर्म रोग, पाचन तंत्र की बीमारियां, मधुमेह, सर्दी-खांसी, बुखार, महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं, मूत्र रोग और रक्ताल्पता से पीड़ित मरीजों का उपचार किया गया।




### विशेषज्ञ चिकित्सकों व कर्मियों की रही महत्वपूर्ण भूमिका

शिविर में विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों से विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं, जिनमें आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. सुदेश तिवारी, डॉ. प्रियंशु मेहता, डॉ. ऋतु सिंह, डॉ. दिव्या धुरंधर, होम्योपैथिक चिकित्साः डॉ. कमलेश वर्मा, योग चिकित्साःडॉ. प्रेमलाल खुरशयाम इसके अलावा, फार्मासिस्ट श्रीधर शुक्ला, चुनकेश्वर मरकाम, श्रीमती रश्मि दुरुगकर, धनेश कौशिक, काउंसलर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता, लैब टेक्नीशियन उज्जैन साहू, सहायक विकास साहू, राजकुमार मरकाम, जाकिर खान, संजू नाथ योगी और जय चौहान सहित अन्य कर्मचारियों ने शिविर को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मनीषा व रिंकेश नगर पालिका के अपील समिति सदस्य निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव संपन्न होने के उपरांत प्रथम सम्मिलन का आयोजन किया गया। प्रथम सम्मिलन का आयोजन नगर पालिका परिषद कवर्धा सभाकक्ष में किया गया।

प्रथम सम्मिलन में उपाध्यक्ष व अपील समिति सदस्य का निर्वाचन पीठासीन अधिकारी अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैंकरा द्वारा संपन्न कराया गया। नगर पालिका परिषद कवर्धा में उपाध्यक्ष व अपील समिति सदस्य का निर्वाचन समस्त पार्षदों की उपस्थिति में कराया गया। सम्मिलन में आज अध्यक्ष सहित 26 पार्षदगण उपस्थित रहें व 01 पार्षद अनुपस्थित रहें। जिमसें सभी उपस्थित पार्षदों नें अपने मताधिकार का उपयोग कर उपाध्यक्ष व अपील समिति सदस्य को चुना।




जानकारी के मुताबिक अपील समिति सदस्य हेतु 4 सदस्यों का निर्वाचन संपन्न होना था। निर्वाचन हेतु चार सदस्यों ने नाम निर्देशन फार्म भरा था। जिसमें कांग्रेस पार्टी से भीखम दास कोसले तथा श्रीमती सीता धुर्वे एवं भाजपा की ओर से श्रीमती मनीषा साहू तथा रिंकेश वैष्णव शामिल है। चार अभ्यर्थी होने के कारण पार्षदों से मतदान कराया गया। जिसमें भीखम दास कोसले को 05 वोट, श्रीमती सीता धुर्वे को 05 वोट एवं श्रीमती मनीषा साहू को 21 व रिंकेश वैष्णव को 21 वोट प्राप्त हुए।

चुनाव उपरांत मनीषा साहू व रिंकेश वैष्णव को अपील समिति का सदस्य चुना गया। इस अवसर पर उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पार्षदगणों ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई शुभकामनाएं दी।